


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 36 अंक 37 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 08 नवंबर 2024 डाक 09 नवंबर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

**विविधा**
कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मलप्पुरम जिले के अकम्पदम में वायनाड उपचुनाव से पहले रोड शो किया


**देश-विदेश**
पहले यौन शोषण बाद में समझौता नहीं रद होगा केस, सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला


**फीचर पेज**
त्वचा को निखारने और स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है सी बकथॉर्न फ्रूट तेल


## चुनाव से पहले मुंबई पुलिस की बड़ी कार्रवाई 2 करोड़ रुपये कैश बरामद, हिरासत में 12 लोग

**मुंबई, 08 नवंबर [एजेंसी]।**



मुंबई पुलिस ने कालबादेवी इलाके में 2 करोड़ रुपये से अधिक नकदी बरामद की है और 12 लोगों को हिरासत में लिया है। आयकर विभाग को बरामदगी के बारे में सूचित किया गया था, और हिरासत में लिए गए लोगों से आगे की पूछताछ जारी है। मुंबई पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। इस घटना को लेकर फिलहाल अभी और कोई जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है।

वहीं महाराष्ट्र चुनाव में दो हफ्ते का समय बचा है, ऐसे में चुनाव से दो हफ्ते पहले ये नकदी बरामद की गई है। 288 सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग है। महाराष्ट्र में हिंसा तेज हो गई है और आदर्श आचार संहिता लागू है, वहीं इससे कुछ दिन पहले भी मुंबई पुलिस ने एक कार से 30 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं और दो लोगों को आज हिरासत में लिया गया है।

मुंबई पुलिस ने इस मामल में कहा था, मुंबई पुलिस ने एक कार से 30 लाख रुपये नकद बरामद किए और दो लोगों को हिरासत में लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। आयकर विभाग को भी सूचित कर दिया गया था। चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता के दौरान, 50,000 रुपये से अधिक नकदी ले जाने वालों के पास वैध दस्तावेज होने चाहिए, जबकि इससे कम राशि के लिए किसी कागजी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं है।




## जम्मू कश्मीर विधानसभा में 370 मुद्दे पर आज फिर हंगामा, विधायकों के बीच धक्का-मुक्की और हाथापाई

**नईदिल्ली, 08 नवंबर [एजेंसी]।**



जम्मू अनुच्छेद 370 की बहाली को लेकर जम्मू कश्मीर विधानसभा में आज फिर हंगामा हो रहा है। सत्र के पांचवे दिन विधानसभा में कुपवाड़ा से पीडीपी विधायक द्वारा अनुच्छेद 370 की बहाली पर बैनर दिखाए जाने के बाद हंगामा हुआ। आज फिर विधायकों के बीच हाथापाई हुई। भाजपा विधायकों द्वारा नारेबाजी की गई। इंजीनियर राशिद के भाई और अवामी इत्तेहाद पार्टी के विधायक खुर्शीद अहमद शेख को मार्शलों द्वारा सदन से बाहर निकाला गया। विधानसभा में पीडीपी के खिलाफ नारे लगे। इससे पहले गुरुवार को भी विधानसभा में काफी हंगामा देखने को मिला था। विधायकों के बीच हाथापाई देखने को मिली थी।

वहीं, जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर के आदेश पर सदन के वेल में प्रवेश करने वाले भाजपा विधायकों को मार्शलों द्वारा बाहर निकाल दिया गया।पीडीपी और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस (पीसी) सहित विधायकों के एक समूह ने वीरवार को विधानसभा में एक नया प्रस्ताव पेश किया। इसमें अनुच्छेद 370 और 35ए को उनके मूल स्वरूप में तत्काल बहाल करने की मांग की गई। यह प्रस्ताव विधानसभा में नेकां द्वारा लाए गए एक प्रस्ताव को पारित करने के एक दिन बाद आया है। वीरवार को सदन में हंगामे के बीच अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर को नया प्रस्ताव सौंपा गया। प्रस्ताव पीडीपी सदस्यों वहीद पारा (विधायक पुलवामा) और फैयाज़ मीर (विधायक कुपवाड़ा), हंदवाड़ा से पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के विधायक सज्जाद लोन, लंगेट से अवामी इत्तेहाद पार्टी के विधायक शेख खुर्शीद और शोपियां से निर्दलीय विधायक शबीर कुल्ले द्वारा प्रस्तुत किया गया।

प्रस्ताव में कहा है कि यह सदन केंद्र सरकार द्वारा जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के अधिनियम के साथ अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35ए के असांविधानिक और एकतरफा निरस्तीकरण की कड़ी निंदा करता है। इन कार्रवाइयों ने जम्मू और कश्मीर से उसका विशेष दर्जा और राज्य का दर्जा छीन लिया। इससे संविधान द्वारा इस क्षेत्र और इसके लोगों को मूल रूप से दी गई मूलभूत गारंटी और सुरक्षा कमजोर हो गई। वहीं, विधानसभा ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पारित किया है। घाटी के राजनीतिक दलों ने इस प्रस्ताव का स्वागत किया, जबकि मुख्य विपक्षी भाजपा ने इसका विरोध किया।

## छठ व्रतियों से भरा ऑटो कुए में गिरा, एक की मौत, 6 लोग गंभीर रूप से घायल

**औरंगाबाद, 08 नवंबर [एजेंसी]।**



बिहार के औरंगाबाद में एक बड़ा हादसा हो गया है जहां छठ व्रतियों से भरा एक ऑटो कुआ मे गिरने से एक की मौके पर मौत हो गई है और 6 लोग बुरी तरह से घायल हो गए हैं। यह घटना देव थाना क्षेत्र के चानपुर गांव के पास की है। सभी घायलों को इलाज हेतु सदर हॉस्पिटल औरंगाबाद भेज दिया गया है जहां से उनको आगे रेफर कर दिया गया है। सभी छठ व्रती अपने बच्चे को मुडना करने के लिए भगवान भास्कर की नगरी देव आ रहे थे। इसी बीच चैनपुर गांव के पास एक ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर कुए में गिर गया। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से तुरंत कुए में गिरे लोगों को बाहर निकालने का काम शुरू किया गया और जिला प्रशासन ने मौके पर पहुंच कुए से ऑटो को बाहर निकाला। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत मौके पर ही हो गई। उसका शव एनडीआरएफ के टीम के द्वारा कुए से बाहर निकाला गया। फिलहाल इस बात की आशंका है कि कुए में कुछ और लोग फंसे हो सकते हैं। इसको लेकर बचाव राहत का कार्य अभी भी चल रहा है। यह सभी लोग छठ वर्ती थे जिनकी पहचान देव थाना क्षेत्र के बरहेता गांव निवासी के रूप में की गई है। सभी घायलों को ग्रामीणों द्वारा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी की गंभीर स्थिति को देखते उन्हें बाहर रेफर कर दिया गया है।

### सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने फिर दी धमकी
**मुंबई ट्रैफिक कंट्रोल रूम को किया मैसेज**

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तरफ से धमकी दी गई है। बीती रात मुंबई ट्रैफिक कंट्रोल रूम में मैसेज कर सलमान को धमकी दी गई।

पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज जांच शुरू कर दी है। धमकी देने वाली की पहचान अभी तक नहीं हुई हैं। गौरतलब है कि हाल के दिनों में सलमान खान को जान से मारने की धमकियां कई बार मिली हैं। बीते दिनों भी मुंबई ट्रैफिक पुलिस कंट्रोल रूम फोन करके सलमान खान को जान से मारने की धमकी दी गई थी। उस धमकी में सलमान खान को हिरण शिकार के मामले में मंदिर जाकर माफी मांगने और पांच करोड़ रुपये देने की मांग की गई थी।

## प्रमोद महाजन की हत्या एक बड़ी साजिश, बेटी का चौंकाने वाला दावा, जांच के लिए शाह को लिखेंगी पत्र

**मुंबई, 08 नवंबर [एजेंसी]।**



महाराष्ट्र भाजपा की बड़ी नेता और पूर्व सांसद पूनम महाजन ने अपने पिता प्रमोद महाजन की हत्या को लेकर एक बड़ा चौंकाने वाला दावा किया है। उनका कहना है कि उनके पिता की हत्या एक बड़ी साजिश थी, जो कभी न कभी सामने आएगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वह पिता की हत्या की जांच कराने की मांग को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री और महाराष्ट्र के गृह मंत्री को पत्र लिखेंगी।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पूनम महाजन ने दावा किया कि उन्हें अपने पिता की मौत के पीछे किसी साजिश की बू आ रही है। जिस गोलीबारी के कारण उनके पिता की मौत हुई, उसके पीछे कुछ गलत मकसद हो सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब 2006 में यह घटना घटी थी तो वह उस हालत में नहीं थीं कि कोई संदेह जता पातीं। मगर हमेशा से पिता की मौत को लेकर मन में शंकाएं रहती थीं। अब जब उनकी पार्टी केंद्र और राज्य दोनों में सत्ता में है तो उन्होंने एक घटना को याद किया और कहा कि वह अमित शाह और देवेंद्र फडणवीस दोनों को पत्र लिखकर सच्चाई का पता लगाने के लिए मामले की गहन जांच की मांग करेंगी। 22 अप्रैल, 2006 की सुबह के करीब साढ़े सात बजे होंगे। प्रमोद महाजन अपने वर्ली (मुंबई) के पूर्णा गोदावरी अपार्टमेंट वाले घर के ड्रॉइंग रूम में बैठे थे। टीवी पर कोई न्यूज चैनल लगा था, उसकी आवाज आ रही थी।

### 'क्राइम पेट्रोल' के मशहूर टीवी अभिनेता नितिन चौहान ने की आत्महत्या? 35 की उम्र में निधन



**मुंबई।** मशहूर टीवी अभिनेता नितिन चौहान आज हमारे बीच में नहीं रहे। उन्होंने किसी वजह से आत्महत्या की है। यह जानकारी नितिन के पूर्व सह-कलाकार ने एक पोस्ट के जरिए दी है। रियलिटी शो दादागिरी 2 के विजेता और मशहूर हुए टीवी एक्टर नितिन चौहान का गुरुवार को मुंबई में निधन हो गया। वह सिर्फ 35 साल के थे। यूपी के अलीगढ़ जिले के रहने वाले थे नितिन। नितिन ने दादागिरी 2 शो के अलावा स्प्लिट्सविला का सीजन 5 भी जीता था।









# तब सौ रुपए भी नहीं जोड़ पाती थीं मेंघनीबाई, अब एक हजार पाकर खुश है....

**कोरबा।** वैसे तो 90 साल की मेंघई बाई रोज सुबह उठ जाती है...आज भी वह रोज की भांति सुबह से उठ गई थीं.. कुछ माह पहले अपने खेत के मेढ़ पर उन्होंने जो तिल के पौधे लगाए थे...वह बड़ा होकर तोड़ने लायक हो गया था,सो उन्होंने तय किया कि आज उन पौधों को काटकर उसमे से सारा तिल इकट्ठा कर लिया जाए..। सारे पौधे घर लाने के साथ ही घर की डेहरी पर कुछ घण्टो बाद पौधों के तने से वह तिल के एक-एक फलों को अलग कर रही थी...इस बीच बातों की शुरुआत होते ही वह बताती है कि तिल के अनगिनत फलों को इकट्ठा कर बहुत मुश्किल से कुछ किलो ही बीज निकाल पाती हैं.. यह बीज घर में ही लड्डू बनाकर खाने के लिए काम आता है.. इसे बेचने पर कुछ रुपए जरूर मिल जाते..लेकिन अब खाते में एक हजार रुपए हर महीने मिल जाते हैं, इसलिए इसे बेचने की जरूरत नहीं पड़ेगी...यह एक हजार उनके बहुत काम आती है...एक समय था जब वह सौ रूपए भी नहीं जोड़ पाती थीं।



करतला विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम कोथारी की रहने वाली नब्बे वर्षीय वृद्धा मेंघनी बाई ने बताया कि उन्होंने बीते दौर में पैसों की अहमियत को भलीभांति समझा है। पैसे, आने, रूपए यह सभी जल्दी से किसी के हाथ में नहीं होते थे। कुछ पैसा जोड़ने के लिए भारी-भरकम मेहनत करनी पड़ती थी। वृद्धा मेंघनी बाई ने बताया कि घर पर वह अपनी दिव्यांग बेटी के साथ निवास करती है और महतारी वदंन योजना से जो एक हजार की राशि मिलती है, उससे ही घर की कई जरूरी सामग्री खरीदती है। अपने जीवन में कई वसंत देख चुकी मेंघनी बाई ने बताया कि वह जैसे-तैसे चल-फिर लेती है। उनके नाम पर राशनकार्ड बना है और इससे खाद्यान्न मिल जाता है। इस उम्र में कुछ काम नहीं कर सकती, ऐसे में एक हजार रूपए हर माह मिलने से उसके लिए यह राशि बहुत काम आती है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार द्वाराहर महीने एक हजार रूपए महिलाओं को दिए जाने पर कहा कि यह राशि हम वृद्ध महिलाओं के लिए एक बड़ी राहत की तरह होती है।

## मुख्यमंत्री साय कटघोरा में

कटघोरा ।जायसवाल समाज द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु जयंती समारोह 8 नवंबर दिन शुक्रवार को अग्रसेन भवन कटघोरा में संपन्न होगा। इस समारोह में शामिल होने सीएम विष्णुदेव साय शुक्रवार की दोपहर बलौदा बाजार से हेलीकॉप्टर से मेला ग्राउंड कटघोरा पहुंचेंगे। उनका मिनट टू मिनट कार्यक्रम आने के बाद पुलिस प्रशासन भी अपनी तैयारियों में जुट गया है।

सी एम के साथ ,डिप्टी सीएम,मंत्री और अनेक विशिष्ट जन है आमंत्रित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय , अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य मंत्री एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अरुण साव उप मुख्य मंत्री,ओम प्रकाश चौधरी मंत्री छत्तीसगढ़,लखन लाल देवांगन उद्योग मंत्री छत्तीसगढ़,चरण दास महंत नेता प्रतिपक्ष छत्तीसगढ ,ज्योत्सना महंत सांसद कौरबा, योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक विधायक संजरी बालोद,समाज के प्रांत अध्यक्ष,स्वजाति महापौर,नगर पालिका अध्यक्ष ,जिला पंचायत अध्यक्ष को भी आमंत्रित किया गया है।

# एनकेएच के हमलावरों पर कठोर धाराओं में जुर्म दर्ज कर करें गिरफ्तारी

कोरबा। न्यू कोरबा हॉस्पिटल में तोड़फोड़ और स्टॉफ से मारपीट करने वाले पुलिस पकड़ से दूर हैं। इनके विरुद्ध सिविल लाइन थाना रामपुर में मामूली धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है जबकि इन पर छत्तीसगढ़ चिकित्सा सेवक तथा चिकित्सा सेवा संस्थान अधिनियम 2010 के तहत भी जुर्म दर्ज होना चाहिएबता दें कि न्यू कोरबा हॉस्पिटल में पिछले दिनों एक्सीडेंट में घायल मरीज को भर्ती कराया गया था, जहाँ उसके परिजन और कुछ लोगों ने बकाया बिल भुगतान नहीं करते हुए अस्पताल में तोड़फ़ोड़ और मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। इसका वीडियो भी सामने आया था। परिजन मरीज को बकाया राशि भुगतान किए बगैर ही अस्पताल से लेकर कहीं दूसरे अस्पताल चले गए। इस मामले की शिकायत अस्पताल प्रबंधन ने सिविल लाइन थाना में कई जिस पर सख्त कार्यवाही नहीं होते देख जिला इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने एसपी और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इसके बाद भी तोड़फोड़ और स्टॉफ से मारपीट करने वाले पुलिस पकड़ से दूर हैं, जबकि छत्तीसगढ़ चिकित्सा सेवक तथा चिकित्सा सेवा संस्थान अधिनियम 2010 में आरोपियों पर जेल और जुर्माना का प्रावधान है। इसके बाद भी पुलिस मामले को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रही है।

राज्य शासन ने अस्पतालों में स्टॉफ की सुरक्षा और संपत्ति तोड़फोड़ को लेकर छत्तीसगढ़ चिकित्सा सेवक तथा चिकित्सा सेवा संस्थान (हिंसा तथा संपत्ति की क्षति या हानि की रोकथाम) अधिनियम, 2010 लागू किया है। जिला इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि चिकित्सा सेवक के विरुद्ध हिंसा अथवा चिकित्सा सेवा संस्थान की सम्पत्ति की क्षति या हानि का कोई कृत्य गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। कोई अपराधी जो प्रावधान के धारा 3 के उपबंधों के उल्लंघन में हिंसा का कोई कृत्य करता है, या करने का प्रयास करता है या दुष्प्रेरित करता है, तो उसे कारावास से दण्डित किया जाएगा जो तीन वर्ष तक का हो सकेगा, तथा जुर्माने के लिए भी उत्तरदायी होगा जो पचास हजार रुपए तक का हो सकेगा। इस अधिनियम के अधीन कारित कोई अपराध, संज्ञेय, जमानतीय तथा प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय द्वारा विचारणीय होगा। इसके अलावा प्रावधान के धारा 4 में विनिर्दिष्ट दण्ड के अतिरिक्त, अपराधी सम्पत्ति को पहुंचाई गई क्षति या हानि की दुगनी रकम के बराबर प्रतिकर भुगतान के लिए उत्तरदायी होगा, जैसा कि धारा 5 में निर्दिष्ट न्यायालय द्वारा अवधारित किया जाए। यदि अपराधी द्वारा उप-धारा (1) के अधीन अधिरोपित प्रतिकर का भुगतान नहीं किया जाता है, तो यह राशि भू-राजस्व के बकाया के रूप में वसूल की जाएगी।

एसोसिएशन के कहना है कि इसके बाद भी कोरबा पुलिस इस गंभीर मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। पुलिस की इस कार्यशैली से चिकित्सकों और एसोसिएशन के सदस्यों में असंतोष व्याप्त है। उनका कहना है कि आरोपियों पर अधिनियम के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि चिकित्सकीय संस्थानों में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो और मेडिकल स्टॉफ सुरक्षित वातावरण में कार्य संपादित कर सके।

## जनपद पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्रों का हुआ अंतिम प्रकाशन

कोरबा ।त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-2025 के तहत् जनपद पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्रों का अंतिम प्रकाशन आज दिनांक 06.11.2024 को किया गया। उक्त अधिसूचना का प्रकाशन कार्यालय कलेक्टर, जिला पंचायत कोरबा एवं कार्यालय उप संचालक पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

## जटगा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

कोरबा । पाली तानाखार विधानसभा अंतर्गत ग्राम जटगा में 08 नवंबर 2024 को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से ग्रामीणों तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने तथा उनकी समस्या का निराकरण के निर्देश दिए हैं। शिविर में आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने के साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ उठाने हेतु ग्रामीणों को जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर ने क्षेत्र के ग्रामीणों को जनसमस्या निवारण शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## छठ महापर्व की छठ घाटों में घूम रही

कोरबा। छठ पर्व का आज तीसरा दिन है. नहाए-खाए और खरना के बाद इस महापर्व में आज संध्याकाल में डूबते सूरज को अर्घ्य दिया गया. इस दिन पहले भगवान सूर्य और छठी मैय्या की विधिवत पूजा की गई. फिर शाम के समय अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा का पालन करते हुए व्रती महिला पुरुष ने डूबते सूरज को अर्घ्य दिया है. कहते हैं कि इस दिन सूर्य देव की उपासना से संतान प्राप्ति, संतान की रक्षा और सुख समृद्धि का वरदान मिलता है.सुबह से अर्घ्य की तैयारियां चल रही थी. पूजा के लिए लोगो ने प्रसाद जैसे ठेकुआ, चावल के लड्डू बनाए थे छठ पूजा के लिए बांस की बनी एक टोकरी ली जाती है, जिसमें पूजा के प्रसाद, फल, फूल, आदि अच्छे से सजाए जाते हैं

# कोतवाली में दो पुलिस अधिकारी भिड़े, एसपी ने किया लाईन अटैच

कोरबा। सिटी कोतवाली में पदस्थ दो सहायक उप निरीक्षक और एक आरक्षक के बीच झड़प हो गई। ASI अश्वनी वर्मा और अजय सिंह तथा कोर्ट आरक्षक नितेश मिश्रा के बीच यह घटनाक्रम 6 नवंबर 2024 की शाम 6 से 7 बजे के मध्य घटित हुआ। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कोरबा सीएसपी के प्रतिवेदन के आधार पर दोनों एएसआई को लाइन अटैच कर दिया है जबकि आरक्षक पूर्व से ही लाइन में रहकर न्यायालय कार्य में संलग्न है।

इस घटना को लेकर जो बातें सामने आई हैं उसके मुताबिक थाना के दो मुखबिर और गवाहों को लेकर आरक्षक नितेश मिश्रा व एएसआई अश्वनी वर्मा के द्वारा अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करते हुए,स्द्ध अजय सिंह के लिए भी भला-बुरा कहा गया था। उक्त बातों की जानकारी होने और समय आने पर गवाहों को दारू-गांजा के मामले में जेल भेजने की बात को लेकर जब,स्द्ध अजय सिंह ने आरक्षक से उक्त बात की तस्दीक करना चाहा और ऐसा कहने व करने की वजह पूछी तो आरक्षक ने ऐसी बात कहने वाले के लिए ही गाली-गलौच करना शुरू कर दिया और जब अजय सिंह ने गलत बात करने से रोका तो उसके साथ हाथापाई पर उतारू हो गया। इसी समयग्रस्द्ध अश्वनी वर्मा के वहां पहुंचने पर उन सभी बातों को लेकर सवाल-जवाब किया गया तो नौबत मारपीट तक आ गई और आरक्षक के अलावा दोनों,स्द्ध आपस में ही भिड़ गए। थाना में मौजूद स्टाफ ने इन तीनों को अलग कराया। तब तक घटनाक्रम की सूचना फोन के जरिए एसपी को दी जा चुकी थी जिसे उन्होंने गंभीरता से लेते हुए सीएसपी भूषण एक्का को जांच के निर्देश दिए। पुराने विवाद को लेकर हुए घटनाक्रम में तात्कालिक तौर पर जो बातें सामने आई उनके आधार पर पुलिस की छवि धूमिल होती देख दोनों,स्द्ध को लाइन अटैच कर दिया गया है। इससे पहले दोनों का डॉक्टरी मुलाहिजा जिला अस्पताल में सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद डडसेना की उपस्थिति में कराया गया।

# एनटीपीसी कोरबा ने एनटीपीसी लिमिटेड के 50वें स्थापना दिवस और यूनिट 1 के 41वें वर्षगांठ का गर्व और उल्लास के साथ उत्सव मनाया

कोरबा। एनटीपीसी लिमिटेड ने ऐतिहासिक मील का पत्थर पार करते हुए अपने 50वें स्थापना दिवस का जश्न मनाया, जो देश को विश्वसनीय और आवश्यक ऊर्जा समाधान प्रदान करने में संगठन की निरंतर प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। यह कार्यक्रम कोरबा के विकास भवन में आयोजित किया गया, और यह एनटीपीसी परिवार के अथक प्रयासों को समर्पित था, जिनकी मेहनत और समर्पण ने संगठन को भारत के प्रमुख ऊर्जा उत्पादकों में से एक बना दिया है।

यह अवसर एनटीपीसीकोरबा के लिए भी विशेष था, क्योंकि इस दिन ने यूनिट 1 के वाणिज्यिक संचालन के 41 वर्षों की भी वर्षगांठ मनाई। इस दोहरी खुशी के मौके ने कंपनी की राष्ट्रीय यात्रा और कोरबा परियोजना की क्षेत्रीय उपलब्धियों दोनों की महत्ता को उजागर किया।

दिन की शुरुआत ,एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख राजीव खन्ना का गर्मजोशी से स्वागत करके की गई, जिन्हें शशि शेखर ने अभिवादन किया। औपचारिक समारोह की शुरुआत श्री खन्ना द्वारा एनटीपीसी ध्वज फहराने से हुई, जो संगठन की एकता, शक्ति और गर्व का प्रतीक है।

अपने संबोधन में श्री खन्ना ने एनटीपीसी लिमिटेड की उल्लेखनीय उपलब्धियों और एनटीपीसी कोरबा द्वारा हासिल किए गए प्रमुख मील के पत्थरों पर प्रकाश डाला।




उन्होंने सभी विभागों को उनके असाधारण योगदान और समर्पण के लिए बधाई दी और कोरबा परियोजना की सफलता में योगदान देने वाली सामूहिक भावना की सराहना की। उनका भाषण संगठन की निरंतर वृद्धि और देश को विश्वसनीय ऊर्जा प्रदान करने के लिए उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता का मजबूत संदेश था।

समारोह का एक यादगार पल तब आया जब श्री खन्ना, वरिष्ठ अधिकारियों, संघ प्रतिनिधियों और एनटीपीसी कोरबा के कर्मचारियों के साथ हुआक्ष्ट के नीले और सफेद रंगों में गुब्बारे छोड़ते हुए प्रतीकात्मक रूप से संगठन की ऊंची आकांक्षाओं और भविष्य में नई ऊंचाइयों को छूने के संकल्प को व्यक्त किया।

इस ऐतिहासिक अवसर पर एनटीपीसी कोरबा ने बहुप्रतीक्षित कोरबा-बिलासपुर-कोरबा बस सेवा का भी शुभारंभ किया। इस नई परिवहन सुविधा का औपचारिक उद्घाटन श्री राजीव खन्ना ने किया, जो कर्मचारियों के लिए दो स्थानों के बीच यात्रा को सुगम और सुविधाजनक बनाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सेवा एनटीपीसी कोरबा की कर्मचारी कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो अपने कर्मचारियों की यात्रा को आसान बनाने का प्रयास कर रहा है।

**कर्मचारी सम्मान और पुरस्कार**

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए एनटीपीसी कोरबा ने इस अवसर पर एक पुरस्कार समारोह भी आयोजित किया। यह समारोह एनटीपीसी कोरबा टीम के प्रयासों, समर्पण और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता का उत्सव था। कर्मचारियों को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए, जो संगठन की वृद्धि और सफलता में एक मजबूत योगदान है और यह टीमवर्क और व्यक्तिगत उपलब्धियों के महत्व को फिर से उजागर करता है। समारोह का समापन एक औपचारिक केक काटने के साथ हुआ, जो न केवल एक और वर्ष की समाप्ति को बल्कि एनटीपीसी कोरबा की निरंतर वृद्धि, प्रगति और समृद्धि को भी चिह्नित करता है।

इसके बाद दिन एनटीपीसी के एनटीपीसी, गुरदीप सिंह का संबोधन एनटीपीसी के सभी इकाइयों में लाइव प्रसारित किया गया, जिसने संगठन में एकता और भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने की भावना को और अधिक सशक्त किया। एनटीपीसी इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर को मनाते हुए, अपनी यात्रा की सफलता और भविष्य के प्रति अपनी आशाओं का स्मरण कराता है। एनटीपीसी कोरबा टीम और पूरे एनटीपीसी परिवार का संकल्प और समर्पण, संगठन के नेतृत्व की ओर एक निरंतर मार्गदर्शन है, जो ऊर्जा क्षेत्र में एक वैश्विक नेता बनने की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का स्थापना दिवस मनाया गया

कोरबा। जिले में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का 74वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान सशक्त युवा विकसित भारत का संकल्प लिया गया।स्थापना दिवस का जिला स्तरीय समारोह का आयोजन शहर के बुधवारी स्थित सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष नानजी भाई पटेल रहे। उन्होंने उपस्थित स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स से आह्वान किया कि वे देश का नाम और देश का झण्डा कभी झुकने नहीं दें। श्री पटेल ने कहा कि स्काउटिंग से जुड़ने के बाद युवा विभिन्न प्रशिक्षणों और कार्यक्रमों के माध्यम से देश का उपयोगी नागरिक बन रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त (स्काउट) तामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि स्काउट्स, गाइड्स सेवा कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। समारोह को सरस्वती स्कूल के प्राचार्य राजकुमार देवांगन, जिला आयुक्त (रोवर) एवं प्राचार्य डा. संजय गुप्ता ने भी अपनी बात रखी। सीनियर रेंजर अंजली तिवारी ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के गठन तथा गाइड याशिका साहू ने स्काउट आंदोलन के इतिहास की जानकारी दी। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद सादिक शेख ने स्वागत उद्बोधन देते हुए स्थापना दिवस के 75वें वर्ष में प्रवेश के दौरान होने वाले कार्यक्रमों और जिले की गतिविधियों की जानकारी दी। श्री शेख ने 2025 में छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी, प्रथम वर्ल्ड गाइड जम्बूरी से भी अवगत कराया। जिला सचिव भरत सिंह वर्मा, जिला संयुक्त सचिव रेखारानी लाल, डीटीसी (गाइड) गनेशी सोनकर भी मंचासीन रहीं। जांजगीर चांपा की डीओसी (गाइड) उत्तरा मानिकपुरी की भी उपस्थिति रही। समारोह का संचालन गाइड केप्टिन पुष्पा शांडिल्य एवं डीओसी (स्काउट) डीगम्बर सिंह कौशिक ने संयुक्त रूप से किया। इसके पूर्व समारोह की शुरुआत स्काउट ध्वजारोहण, प्रार्थना और लार्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। समारोह के दौरान सनराइज स्कूल, लिटिल लैंप स्कूल की गाइड्स ने लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी। स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स ने नशामुक्त समाज पर केन्द्रीत नाटक प्रस्तुत किया। अतिथियों के हाथों नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने में सहयोग करने वाले स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स एवं लीडर्स को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया सहित कांग्रेस नेताओं ने प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में किया प्रचार



कोरबा। रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। दक्षिण का रण फतह करने के लिए कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने हर वार्ड, हर घर में दस्तक देना शुरू कर दिया है। इस कड़ी में बुधवार की शाम 4 बजे रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया और वार्ड पार्षद प्रमोद दुबे के निर्देशानुसार रायपुर दक्षिण के प्रत्याशी आकाश शर्मा के लिए वार्ड 57 भगवती चरण शुक्ल के बूथ क्रमांक 52 में बूथ अध्यक्ष गोपेन्द्र बाग के नेतृत्व में जोरदार प्रचार प्रसार किया गया। युवा व जुझारू प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में शानदार तरीके से प्रचार प्रसार किया गया। उन्होंने भारी संख्या में आए लोगों से जीत का आशीर्वाद मांगा। जिसमें वार्ड की जनता का भी भारी समर्थन मिला। जनसंपर्क के दौरान आम जनता को संबोधित करते हुए रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने कहा कि सांसद रहते भाजपा प्रत्याशी ने कोई ऐसा काम नहीं किया, जिसे उल्लेखनीय बताया जा सके। वहीं, लगातार पिछले 10 महीनों में प्रदेश में आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं और भाजपा इस पर काबू पाने में नाकाम साबित हो रही है। जनसंपर्क में मुख्य रूप से बूथ प्रभारी अमित नायडू, पूर्व पार्षद जीतू भारती, वार्ड अध्यक्ष अस्सू भईया, बाकर अब्बास, बालेश्वर सोना, सैफ भाई, विक्रम बॉय, रूबी महानद, उर्मिला सोना, ईश्वरी सोना, यशोदा बाग, बिंदिया नायक, प्रमिला महानद सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे। ज्ञात रहे कि 51-रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उप-चुनाव 2024 के चुनावी प्रचार-प्रसार के सफल संचालन के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के निर्देशानुसार रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया को सेक्टर प्रभारी बनाए गए हैं। श्री राठिया को 51-रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के पं. भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 के सेक्टर प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसके बाद से श्री राठिया वार्ड के बूथ क्रमांक 37 मतदान केंद्र शा.पू.मा. शा. विवकोनंद नगर रायपुर, बूथ क्रमांक 45 प्यारेलाल यादव हि. उ.मा.वि. बैरनबाजार रायपुर कक्ष क्र. 01, बूथ क्रमांक 46 प्यारेलाल यादव हि. उ.मा.वि. बैरनबाजार रायपुर कक्ष क्र. 02, बूथ क्रमांक 47 प्यारेलाल यादव हि. उ.मा.वि. बैरनबाजार रायपुर कक्ष क्र. कक्ष क्र. 03 और बूथ क्रमांक 52 नगर निगम कार्यालय में लगातार जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं।





**कोरबा। छठ महापर्व के समापन के अवसर पर अखबार वितरक संघ के पदधिकारियों ने छठ घाटों पर पहुंचकर पूजाअर्चना की। और भुवन भास्कर से आर्शीवाद मांगा**

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

कोरबा। विवेचना में अभिनव प्रयोग से हत्या के आरोपियों को न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास से दंडित किया गया । घटना के चश्मदीद साक्षी एवं जप्ती गवाह एक ही गांव व रिश्तेदार होने से मुकरने को आशंका पर पुलिस कर्मचारी को बनाया गया था गवाह ।पुलिस कर्मचारी के बयान के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दंडित किया। पुलिस कर्मचारी के बयान पर तब तक अविश्वास नहीं किया जाना चाहिए ,जब तक कि अविश्वास किए जाने का कोई युक्तियुक्त कारण न हो ।

# पीपीपी मॉडल के तहत स्थापित कॉलेज में फर्स्ट ईयर में एडमिशन शून्य, आईटी कॉलेज पर मंडरा रहा अस्तित्व का संकट

**कोरबा।** आईटी कोरबा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग कॉलेज पर अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है। इस साल प्रदेश के इकलौते पीपीपी मॉडल के तहत स्थापित कॉलेज में फर्स्ट ईयर में एडमिशन शून्य हो गया है। इंजीनियरिंग के प्रति छात्रों में घटता रुझान और कॉलेज की बदहाली इसके लिए बड़ा कारण है। एक भी छात्र ने कॉलेज में एडमिशन नहीं लिया है। आईटी कोरबा कॉलेज पीपीपी पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप योजना के तहत स्थापित यह राज्य का पहला इंजीनियरिंग कॉलेज है। इसकी स्थापना 2008 में हुई। स्थापना के समय ही यह तय हुआ था कि औद्योगिक उपक्रम 10-10 करोड़ रुपए की राशि देगा, जिसमें एनटीपीसी, सीएसईबी एसईसीएल और बालको, लैंको जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम शामिल हैं। जबकि प्रकाश इंडस्ट्रीज की तरफ से 5 करोड़ रुपए कॉलेज स्थापित करने के लिए दिया जाना था। फर्स्ट ईयर में एडमिशन शून्य होने से कॉलेज में इस साल कोई नया एडमिशन नहीं हुआ है। वर्तमान में कॉलेज में सेकंड ईयर और फाइनल ईयर तक सिर्फ 60 बच्चे पढ़ रहे हैं. जबकि इन्हें पढ़ाने के लिए 9 फैकल्टी मौजूद हैं, हालांकि कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि जो बच्चे पढ़ रहे हैं। और इंजीनियरिंग का कोर्स पूरा करने के लिए जो भी जरूरी मापदंड हैं, उन्हें हर हाल में पूरा किया जाएगा। कॉलेज में रेगुलर प्रिंसिपल के नहीं होने, मैनेजमेंट की चरमराई व्यवस्था और वित्तीय संकट के कारण कॉलेज साल दर साल बदहाली की तरफ बढ़ रहा है।

# पुराने सिंचाई कर्मचारियों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहा विभाग

**जांजगीर चांपा।** सिंचाई विभाग में अफसरों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। विभाग ने नहरों के निर्माण के लिए जमीन का अधिग्रहण 1967 में किया पर उसका नामांतरण करना भूल गया। 55 साल तक जमीन का नामांतरण नहीं कराने का परिणाम यह निकला कि जिनसे जमीन अर्जित की गई उनकी मौत हो गई और वह जमीन उनके परिजनों के नाम चढ़ गया। अब चूंकि जमीन उनके नाम पर है।

इसलिए वे दोबारा मुआवजे की मांग को लेकर ग विभाग में आवेदन लगाने लगे हैं। जमीन विवाद के मामले बढ़े तो विभाग जागा और उसने रजिस्ट्री ऑफिस से रिकॉर्ड निकालकर जमीन को सिंचाई के विभाग के नाम करने की शुरुआत की। विभाग के अफसरों का कहना है कि चूंकि मामला सालों पुराना है। इसलिए उन्हें न उसके रिकॉर्ड खोजने में परेशानी हो रही है। फिर भी वे - रजिस्ट्री ऑफिस व कलेक्ट्रेट से रिकॉर्ड निकालकर एक गांव की जमीन का मिलान व उसका नामांतरण कराने की शुरुआत कर दी है। हसदेव बांगो बांध का निर्माण 1963 में किया गया। उसके बाद 1967 में दीं डैम का निर्माण कराया गया। हसदेव बांगो परियोजना नहर परियोजना के तहत इसके वहां से बांयी और दायीं तट नहर शाखा 1970 के आस-पास बांयी और दायीं तट शाखा का निर्माण कराया गया था। इसमें दायीं तट नहर में 42 किमी अकलतरा और 22.4 किमी जांजगीर नहर शाखा शामिल थी। साल 1970 में नहर बनाने के लिए जमीन का अधिग्रहण किया पर रजिस्ट्री के बाद - नामांतरण नहीं कराया गया। इसके चलते नहर बनने के बाद भी उस जमीन पर मुआवजा लेने वाले किसानों के नाम हैं। 55 साल में कई पीढ़ी बदल गई। कुछ ने अपनी जमीन बेच दी। ऐसे में अब प्रशासनिक और सिंचाई विभाग के अफसरों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

20 दिन पहले नवागढ़ में कोटिया नहर के किनारे मकान बनाने वाले विकास गौरहा ने तहसील में जमीन सीमांकन कराने का आवेदन दिया। पर कार्यालय में उसकी जमीन का रिकॉर्ड ही नहीं मिला। ऐसे में आवेदक जब आत्महत्या करने की चेतावनी देते हुए प्रशासन को आवेदन सौंपा तो सिंचाई विभाग और प्रशासन के कर्मी एक्टिव हुए और कलेक्ट्रेट से रिकॉर्ड ढूंढकर उसकी जमीन का सीमांकन कराया। टीम ने जब अगल-बगल के घरों में नापजोख की तो पता चला कि किसी सिंचाई विभाग की जमीन पर बाउंड्री बना ली तो किसी ने कमरे का निर्माण कर लिया। ऐसे में टीम अवैध निर्माण पर चिह्न लगाकर बिना कार्रवाई किए ही लौट गई।

नहरिया बाबा से खोखरा माइनर तक नहर के दोनों और सिंचाई विभाग की जमीन पर अवैध कब्जे हो गए हैं रिकार्ड दुरुस्त नहीं होने से विभाग सिर्फ नोटिस देने तक की सीमित है

खोखरा में जमीन अधिग्रहण के अलावा विभिन्न प्रयोजन के लिए विभाग ने किसानों से जमीन खरीदी थी। रजिस्ट्री के बाद जमीन का नामांतरण नहीं कराया तो वह जमीन किसानों के खाते में ही दर्ज रही। पिता की मौत के बाद वह जमीन परिवार के अन्य सदस्यों में बंट गई। जब उन्होंने जमीन का नापजोख कराया तो पता चला कि उनकी जमीन से नहर गुजरी है। जानकारी के अभाव में उन्होंने दोबारा मुआवजा करने के लिए आवेदन कर दिया। अब विभाग के कर्मचारी पुराने रिकॉर्ड को खंगाल रहे हैं, ताकि मामला सुलझाया जा सके।

# नौकरी से निकाल देने के नाम पर महिला कर्मचारी से अभद्रता

### नगर पंचायत डभरा के वार्ड नंबर 14 के पार्षद पति का कारनामा

**जांजगीर-सक्ती।** नगर पंचायत डभरा में कार्यरत एक महिला कर्मचारी को नौकरी से निकाल देने की धमकी देते हुए शारीरिक संबंध बनाने के लिए विवश करने वाले पार्षद पति के विरुद्ध महिला कर्मी ने डभरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सक्ती जिले के नगर पंचायत डभरा से ताजा मामला सामने आया है, जहां नगर पंचायत कार्यालय के राजस्व शाखा में कार्यरत एक महिला कर्मचारी को

पार्षद पति व प्लेसमेंट कर्मचारी रमेश बंजारे बार-बार फोन पर धमकी देते हुए नौकरी से निकाल देने की बात करता था। इसके अलावा अपने साथ शारीरिक संबंध बनाने की बात कहते हुए अश्लील बातें भी कहता था। पीड़ित महिला कर्मचारी ने अन्य सहकर्मियों को इस घटना के बारे में जानकारी दी थी। बताया जा रहा है कि पूर्व में मुख्य नगर पालिका अधिकारी से भी इस घटना की शिकायत की गई थी परंतु, किसी ने जब उसकी फरियाद नहीं सुनी तो महिला कर्मचारी ने सात नवंबर को डभरा थाने पहुंचकर नगर पंचायत डभरा के वार्ड नंबर 14 के पार्षद पति रमेश बंजारे के खिलाफ छेड़छाड़ व अश्लील बातें करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस संबंध में जब डभरा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी से हमने बात की, तब वे घटना से इनकार करते हुए मामले की जानकारी नहीं होने की बात कह कर टालमटोल करते नजर आए। बहरहाल, पीड़ित महिला कर्मचारी की रिपोर्ट पर डभरा पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### कुएं की दौड़ और मटकी के बोझ से मिला छुटकारा, आ रहा नल से पानी

**कोटा।** कोटा ब्लॉक के कुरुवार ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत हर घर पानी पहुंचाने पर गांव में ग्रामीणों व अधिकारियों ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें पंचायत सचिव ने ग्रामीणों को शपथ दिलाई। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के कार्य पूरा होने पर अधिकारियों को प्रमाण-पत्र दिया गया। कार्यक्रम का संचालन पंचायत सचिव श्याम सिंह खुसरो ने किया।

हर घर में पानी की उपलब्ध्ता होने से महिलाओं का जीवन ही बदल गया है। जल जीवन मिशन दूरस्थ अंचलों और गांवों में महिलाओं की दिनचर्या और जीवन में बड़ा बदलाव ला रहा है।

## अठोरिया यादव समाज ने शोकाकुल परिवार को दी आर्थिक सहायता

**पामगढ़।** छत्तीसगढ़ अठोरिया यादव समाज के युवाओं ने बड़े बुजुगों तथा पदाधिकारीगण के मार्गदर्शन में ऑनलाइन बारकोड की शुरुआत ज़ राशि मिलने से की है। इस गरीब परिवार स्कीम के तहत को मिलेगी काफी हद तक मदद समाज में किसी परिवार के सदस्य की मृत्यु हो जाने पर आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से चंदनपान के रूप में बारकोड के माध्यम से राशि एकत्र कर शोकाकुल परिवार को दशगात्र कार्यक्रम के दिन सौंपने का निर्णय लिया है।

कुछ माहों से छत्तीसगढ़ अठोरिया यादव समाज के आम नागरिकों, पदाधिकारीगणों एवं बड़े बुजुर्गों तथा युवाओं द्वारा यथा शक्ति 10, 20, 50,100, 500 रूपये की राशि एकत्रित की जाती है तथा मृतक के परिवारजनों को दशगात्र कार्यक्रम के दिन सौंपी जाती है। उक्त बारकोड स्कीम से अब तक 1 लाख रूपये से भी अधिक की राशि एकत्र कर शोकाकुल परिवार को सौंपा जा चुका है। बारकोड स्कीम में प्रमुख रूप से दिलचंद यादव धरदेई, संतोष यादव बिलासपुर, सन्नी यादव कोनारगढ, रमेश यादव कोरबा, विक्की यादव बिलासपुर, अश्वनी यादव अमोरा कार्य कर रहे हैं। उपरोक्त बारकोड स्कीम के अंतर्गत जोधन यादव, एन.आर. यादव, रविशंकर यादव राजेंद्र यादव, मनोज यादव प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, सीताराम यादव, सुनील यादव, रोहित यादव, राजकुमार यादव, पुनाऊ राम यादव, कृष्ण लाल यादव, भरत यादव, रामकुमार यादव, नानू यादव, शरद यादव, धनीराम यादव, हरप्रसाद यादव, छबलू यादव संतन यादव, राकेश यादव, राजू यादव, अशोक यादव, लक्ष्मी नारायण यादव, गोवर्धन यादव, रघु यादव मुकेश यादव, लक्ष्मण यादव, रघु यादव उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया गया छठ महापर्व जिले में

### अस्त होते हुए सूर्य को दी गई अर्ध्य

**जांजगीर चांपा।** नगर में भोजपुरी समाज के अलावा सभी वर्गों के लोगों विशेषकर महिलाओं द्वारा सूर्य उपासना के महापर्व छठ के तीसरे दिन गुरूवार 7 नवम्बर को सायं 5 बजे लछनपुर स्थित छठ घाट के अलावा हसदेव नदी के तट पर स्थित डोंगाघाट सहित तालाबों में डूबते हुए सूर्य को पहला अर्घ्य दिया गया। कल शुक्रवार 8 नवम्बर को सुबह 6 बजे लछनपुर स्थित छठ घाट सहित डोंगाघाट एवं अन्य जगहों पर उदित होते सूर्य को अंतिम अर्घ्य देकर चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन किया गया।

नगर में पिछले कुछ वर्षों से सूर्य उपासना का महापर्व छठ भोजपुरी समाज के अलावा उत्तर प्रदेश एवं बिहार के पूर्वांचल के लोगों सहित अन्य समाज के लोगों द्वारा भी पूरी आस्था के साथ श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। इस वर्ष भी



चार दिवसीय छठ महापर्व का शुभारंभ 5 नवम्बर को नहाय-खाय के साथ हुआ। पर्व के दूसरे दिन 6 नवम्बर को छठव्रतियों ने गुड़ की खीर और रोटी के साथ खरना का प्रसाद ग्रहण किया। छठ महापर्व के तीसरे दिन गुरूवार 6 नवम्बर को सायं 5 बजे लछनपुर स्थित छठ घाट तथा डोंगाघाट सहित तालाबों के घाटों में डूबते हुए सूर्य को छठव्रतियों ने पहला अर्घ्य दिया। पर्व के अंतिम दिन शुक्रवार 8 नवम्बर को सुबह 6 बजे उदित होते सूर्य को अंतिम अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व का समापन हो गया। गुरूवार को सायं छठ घाट में छठव्रतियों को पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान करने के लिए क्षेत्रीय सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े विशेष रूप से मौजूद थीं।

उन्होंने इस मौके पर छठ घाट का एनीकट तक विस्तार किये जाने और इसके सौंदर्याकरण के लिए घाट के किनारे सोलर लाईट लगाये जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर भोजपुरी समाज जांजगीर-चांपा के संस्थापक जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह, अध्यक्ष सुशील सिंह, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार,अमर सुल्तानिया, पुरूषोत्तम शर्मा, श्रीमती प्रमिला चंदेल, पलाश चंदेल, बी.के. दास, संतोष सिंह, शिव शंकर झा, विनोद सिंह, सुधीश तिवारी, घनश्याम शुक्ला, राजकुमार सरोज, एस. के. सिंह, डी.एन. सिंह, संजय सिंह, हरेन्द्र सिंह, रामकृत राजभर सहित बड़ी संख्या में भोजपुरी समाज की महिलाएं, पुरूष तथा बच्चे उपस्थित थे।

### ओम शांति भवन में मनाया दिवाली व भाई दूज का पर्व

**खरौद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय खरौद सेवाकेंद्र में दीपावली, भाई दूज पर्व व संस्था का स्थापना दिवस मनाया गया। सेवाकेंद्र प्रभारी बीके मंजू दीदी ने कहा कि भाई दूज पर बहन अपने भाई के माथे पर प्यार से तिलक लगाती हैं। यह हमें याद दिलाता हैं कि हम भी एक आत्मा हैं। माथे के जिस स्थान पर तिलक लगाया जाता हैं वह आत्मा का स्थान माना जाता हैं और एक पिता की संतान आत्मा रूप में हम सब भाई-भाई हैं। सन 1936 में परमपिता परमात्मा शिव ने प्रजापिता ब्रह्मा द्वारा संस्था की स्थापना की और सही मायने में सन 1937 में दीपावली के दिन ही संस्था के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा ने अपनी पूरी चल अचल संपत्ति 5 बहनों की कमेटी बनाकर दे दी थी। तभी से छोटी-छोटी कुमारियों ने अपना सम्पूर्ण जीवन परमात्म कार्य में समर्पित कर दिया। तभी से दीपावली के दिन को यज्ञ स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## मांगे अधूरी, कर्मचारी गए हड़ताल पर

**जांजगीर-चांपा।** जिले के स्पॉट बिलिंग व मीटर रीडिंग के ठेका कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इससे इस माह घरों में बिजली का बिल नहीं पहुंचेंगे। मीटर संघ जिले में लग रहे स्मार्ट मीटर के बाद नौकरी जाने का डर सता रहा है। इसलिए लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। संघ का कहना है कि जॉब की गारंटी दी जाए। जिले में स्पॉट बिलिंग और मीटर रीडिंग के ठेका कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। स्मार्ट मीटर योजना से अपनी नौकरियों पर खतरे का आभास होने के कारण जिले में भी हड़ताल का असर दिख रहा है। इस स्थिति में उपभोक्ताओं को इस महीने बिजली का बिल नहीं मिल पाएगी। बुधवार से छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी में कार्यरत मीटर रीडर ठेका कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिले में करीब 167 ठेका कर्मचारी इस हड़ताल में शामिल हैं। इसमें अन्य जिलों में भी हजारों ठेका कर्मचारी नौकरी सुरक्षित करने की मांग कर रहे हैं। पिछले 20 वर्षों से मीटर रीडिंग के माध्यम से परिवार का गुजारा करने वाले इन कर्मचारियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर योजना के कारण उनकी नौकरी खतरे में पड़ गई है। हड़ताल के चलते पूरे जिले में मीटर रीडिंग और स्पॉट बिलिंग का काम ठप हो गया है। राज्य सरकार ने हाल की ही में स्मार्ट मीटर योजना लागू है, इसके तहत सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इस योजना से मीटर रीडिंग का काम डिजिटल हो जाएगा, इससे ठेका कर्मचारियों को अपनी नौकरी छिनने का डर सताने लगा है। कर्मचारियों का कहना है कि हड़ताल अवस्था में विभाग को जो भी कामकाज प्रभावित होगा, उसकी जिम्मेदारी स्पॉट बिलिंग कर्मचारी संघ की नहीं होगी। इस संबंध में सहायक यंत्री को ज्ञापन भी सौंपा गया। अभी फिलहाल कहीं बैठ नहीं रहे, लेकिन काम बंदकर ऑफिस नहीं जा रहे हैं। ज्ञापन सौपने वालों में मोहन लाल, अनील यादव, नंदकुमार यादव, रामकृपाल राठौर, दुर्गेश साहू, अनिल साहू सहित जिले मीटर रीडर संघ के कर्मचारी शामिल रहे।

### 32 पाव देसी शराब के साथ एक आरोपी को धर दबोचा

**हसौद।** पुलिस ने 32 पाव देसी प्लेन शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके बाइक को भी जब्त किया गया है। हसौद पुलिस के मुताबिक आरोपी सुनील साहू धमनी में हसौद, डभरा मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे एक ढाबा का संचालन करता है। पुलिस ने सुनील साहू को हसौद के मंडी चौक मेन रोड के पास अवैध शराब के साथ पकड़ लिया। उसके कब्जे से 32 पाव देसी प्लेन शराब और परिवहन में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की बाइक जब्त की गई।

### कटोरा की मतदाता सूची में गड़बड़ी, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

**पटना।** ग्राम पंचायत कटोरा के लिए प्रकाशन किए गए वोटर लिस्ट में भारी गड़बड़ी का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत बैकुंठपुर मुख्य निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम सहित जनपद पंचायत सीईओ से करते हुए सुधार कराने और दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत कटोरा के मतदाताओं की मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया, जिसमें कई ग्रामीणों का नाम उनके निवास वार्ड की बजाए दूसरे वार्डों में दर्ज है। इसका सुधार कराने ग्रामीण परेशान हैं। ग्राम पंचायत कटोरा निवासी विजय राजवाड़े, रामलाल, सुनील, सुरेश कुमार, लक्ष्मी प्रसाद, लव कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत कटोरा हमेशा बंद रहता है। वोटर लिस्ट तैयार करने के कार्य में लगे बीएलओ, पंचायत सचिव का अता-पता नहीं रहता है।

# महिला की धमकी से डरकर प्रशासनिक अमला लौटा उल्टे पांव

**जांजगीर चांपा।** बलौदा विकासखंड के हेडसपुर के सरपंच पद से हटाने और शिकायत की पुनर्निरीक्षण की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय के सामने आमरण अनशन कर रही महिला की तबीयत चौथे दिन बिगड़ने लगी। डॉक्टरी रिपोर्ट के आधार पर पुलिस के साथ प्रशासनिक अमला अनशन तोड़वाने पहुंचा। वे महिला को एम्बुलेंस में जबरदस्ती ले जाने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान महिला ने चाकू निकालकर स्वयं का हाथ काट लेने की धमकी दी। ऐसे में अफसरों को बैरंग लौटना पड़ा।

विदित हो कि एसडीएम कार्यालय के सामने महिला 4 नवंबर से देर शाम से महिला आमरण अनशन कर रही है। ग्राम हेडसपुर की महिला शांतिबाई चौहान ने बताया कि गांव के उप सरपंच और गांव के लोगों ने राजनीतिक विधायक मद से सांस्कृतिक मंच की स्वीकृत राशि से निर्माण नहीं करने और अन्य शिकायत की थी। जांच करने आए अधिकारियों ने सांस्कृतिक मंच का निर्माण कार्य होने के साथ-साथ अन्य बातों की जांच की। जांच प्रतिवेदन उच्च अधिकारियों को भेजा था। तत्कालीन एसडीएम द्वारा जांच प्रतिवेदन के आधार पर धारा 40 के अंतर्गत महिला शांति बाई चौहान को पद मुक्त करते हुए सरपंच पद से हटा दिया। महिला ने जांच के संबंध में कलेक्टर कार्यालय और कमिश्नर कार्यालय में पुन: निरीक्षण की अपील की। लेकिन अपील को अधिकारियों के खारिज करने पर एसडीएम ने धारा 40 के अंतर्गत महिला को हटाने की कार्रवाई की थी। इसके विरोध में शांतिबाई ने आमरण अनशन शुरू कर दिया। वह एसडीएम कार्यालय के सामने अनशन पर बैठ गई। इधर आंदोलन के चौथे दिन गुरूवार 7 नवंबर को सुबह 10.30 बजे तहसीलदार के के जायसवाल, शालिनी तिवारी, नायब तहसीलदार चंद्र कुमार साहू एवं थाना प्रभारी मणिकांत पांडे के द्वारा धरना स्थल पर पहुंचकर महिला को समझाइश दी गई लेकिन महिला अपने मांग पर डटी रही। इस बीच तहसीलदार ने महिला के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए बीएमओ डॉक्टर महेंद्र सोनी को बुलाया गया। डॉक्टर महेंद्र सोनी ने महिला का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर करने की सलाह दी। चिकित्सकों के सलाह पर शांति बाई चौहान को एंबुलेंस में बैठने के लिए कहने पर शांति बाई चौहान ने अपने पति की उपस्थिति में एक-दो घंटे बाद एंबुलेंस में बैठने की बात कही। 3.30 पुन: तहसीलदार एवं थाना प्रभारी की उपस्थिति में महिला कांस्टेबल शांतिबाई चौहान को एंबुलेंस में बैठाने के लिए पहुंची तो शांति बाई चौहान ने अपने तकिए के नीचे रखे चाकू को निकाल लिया। उसने चेतावनी दी कि यदि कोई उसके साथ जबरदस्ती करेगा तो वह अपना हाथ काट लेगी। शांति बाई चौहान के तेवर को देखकर महिला कांस्टेबल के साथ अधिकारियों की टीम बैरंग वापस लौट गईं। शांति बाई चौहान का अनशन अभी भी जारी है। महिला के साथ-साथ गांव की महिलाओं एवं गांव के लोगों द्वारा भी बड़ी संख्या में आमरण अनशन स्थल में पहुंचकर अपना सहयोग दिया जा रहा है।

### एच सी के आदेश बाद सड़कों पर डामर का लेप

# बिलासपुर निगम का दावा- 20 सड़कों की मरम्मत पूरी, क्वालिटी पर उठ रहे सवाल

**बिलासपुर।** बिलासपुर में हाईकोर्ट के आदेश के बाद पीडब्ल्यूडी और नगर निगम बारिश के बाद जर्जर हुई सड़कों की मरम्मत कराने का दावा कर रहा है। लेकिन जमीनी हकीकत ये है कि मरम्मत के नाम पर ज्यादातर सड़कों पर डामर की हल्की परत चढ़ाई जा रही है। जो हल्की सी बारिश होने और वाहनों की आवाजाही से ही उखड़ जाएगी।

दरअसल, हाईकोर्ट में बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ की खस्ताहाल सड़कों को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई चल रही है। पहली सुनवाई के दौरान लोक निर्माण विभाग और नगर निगम ने जवाब दिया था कि बारिश की वजह से सड़कों की हालत खराब है। सड़कों को दुरुस्त करने के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है और एक माह के भीतर काम पूरा कर लिया जाएगा।

अभी इस केस की सुनवाई लंबित है। लिहाजा, हाईकोर्ट को दिखाने के लिए आनन-फानन में नियमों को ताक पर रखकर सड़कों पर डामर की परत चढ़ाई जा रही है।

इधर अफसरों का दावा है कि बारिश से खराब हो चुकी शहर की सड़कों को मरम्मत करने का काम युद्ध स्तर पर जारी है। पहले चरण में नगर निगम ने शहर की 20 सड़कों का मरम्मत कर डामरीकरण और पेंच रिपेयरिंग पूरा किया।



शेष बची हुई सड़कों का भी मरम्मत जल्द पूरा कर लिया जाएगा। जुलाई माह में हुए जन समस्या निवारण शिविर में बड़ी संख्या में सड़कों के लिए आवेदन मिले थे। इसके बाद उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सड़कों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए थे।

शहर में जिन इलाकों में सड़कों की मरम्मत की जा रही है। वहां गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दरअसल, जर्जर सड़कों पर बने गड्ढों पर डामर की परत लगाकर पेंच वर्क किया जा रहा है। ऐसे में भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क ज्यादा दिन तक नहीं टिक पाएगी। साल भर पहले विधानसभा चुनाव के दौरान शहर की सड़कों का निर्माण किया गया था। जो अब जर्जर हो गई है। जर्जर और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए नगर निगम ने शासन को प्रस्ताव भेजा था। उप मुख्यमंत्री अरुण साव की पहल पर प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई।

विजय वंदना हास्पिटल से नर्मदा नगर चौक (मुंगेली बाईपास रोड ), मंगला चौक से उसलापुर ओवरब्रिज तक, मुंगेली नाका से सर्किट हाउस मोड़ तक, मध्यनगरी चौक से सत्यम चौक तक, सत्यम चौक से मगरपारा चौक तक, मगरपारा चौक से भारतीय नगर चौक तक, सीएमडी चौक से गायंत्री मंदिर चौक तक, रानी सती मंदिर रोड शांति नगर, पावर हाउस चौक से गुम्बर पेट्रोल पंप तक तक मरम्मत किया गया है।

## घर में सभी को अतिथि, संत और नारी का सम्मान करना चाहिए

**बिलासपुर।** लिंकरोड स्थित सुमंगल फेस-2 श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक ऋषभदेव कृष्णाचार्य हैं। कथा 10 नवंबर तक चलेगी। पहले दिन गायत्री मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। पं. कृष्णाचार्य ने कथा सुनाते हुए कहा कि पापी के संगत में रहने से हमारे पुण्य भी क्षीण होते हैं। पापी का पाप प्रबल होता है। उन्होंने कहा कि घर में सभी को अतिथि, संत और नारी का सम्मान करना चाहिए। गुरुवार को कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। बाल कृष्ण की जीवंत झांकी सजाई गई। कथा स्थल पर थर्माकोल से बने अयोध्या के श्रीराम मंदिर के साथ लोग सेल्फी ले रहे हैं। कथा में उपमा, सुनीता, विदुषी, मिथिलेश, सुमन, सविता, अनिता, मीराबाई, शारदा, विनोद, मोनिका मौजूद रहीं।



## केलो के तट पर उमड़े श्रद्धालु छठ मनाने के लिए





**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में छठ महापर्व बड़े ही धूमधाम व पूरी धार्मिक आस्था के साथ मनाया जा रहा है। गुरुवार को तीसरे दिन व्रती महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया और हाथ जोड़कर परिवार की खुशहाली की कामना की।

दीपावली त्योहार के बाद दूसरा सबसे बड़ा पर्व छठ पूजा है। जिसकी शुरुआत नहाए खाए के साथ हुई थी। इस दिन लौकी व बिना प्याज लहसून की सब्जी बनाया जाता है। इसके दूसरे दिन खरना में नए शुद्ध चुल्हा तैयार किया गया और रोटी व खीर प्रसाद के रूप में ग्रहण कर व्रती महिलाओं ने निर्जला उपवास रखा। अब कल सुबह व्रती महिलाएं उगते सूर्य को अर्घ्य देंगी।

छठ पर्व में डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालु पूरे परिवार के साथ पहुंचे थे। सभी छठी मैया की पूजा कर रहे थे, तो बच्चे घाट के बाद पटाखे फोड़ने का आनंद उठा रहे थे। मान्यता है कि छठ पूजा में हर मनोकामना पूरी होती है और महिलाएं इसमें 36 घंटे के लिए निर्जला उपवास रखकर छठी मैया की आराधना करती हैं। कल उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद यह उपवास पूरा होगा। छठ घाट में पूजापाठ के लिए पहुंचे श्रद्धालु माधुरी सिंह ने बताया कि यह पर्व नहीं बल्कि महापर्व है और यही वह त्यौहार है जिसमें डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। उनका कहना है कि उत्तर भारतीय लोगों के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण त्योहार है और लाखों लोग इसे मनाते हैं। नाहए खाए से इसकी शुरुआत होती है और चार दिनों का यह महापर्व है।

## अनमोल वचन......

**जिंदगी एक शिक्षक की तरह होती है जो समय समय पर सबकी परीक्षा लेती है!**

## भारत की आर्थिक प्रगति में समाज से अपेक्षा

*विश्व के लगभग समस्त देशों में पूंजीवादी मॉडल को अपनाकर आर्थिक विकास को गति देने का प्रयास पिछले 100 वर्षों से भी अधिक समय से हो रहा है। पूंजीवाद की यह विशेषता है कि व्यक्ति केवल अपनी प्रगति के बारे में ही विचार करता है और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के एहसास को भूल जाता है। जिससे, विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के चलते समाज में असमानता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। विनिर्माण इकाईयों में मशीनों के अधिक उपयोग से उत्पादन में तो वृद्धि होती है परंतु रोजगार के पर्याप्त अवसर निर्मित नहीं हो पाते हैं। रोजगार की उपलब्धता में कमी के चलते समाज में कई प्रकार की बुराईयां जन्म लेने लगती हैं क्योंकि यदि किसी नागरिक के पास रोजगार ही नहीं होगा तो वह अपनी भूख मिटाने के लिए चोरी चकारी एवं हिंसा जैसी गतिविधियों में लिप्त होने लगता है। पूंजीवाद की नीतियों के अनुपालन के चलते वर्तमान में विश्व के कई देशों में सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न हो रहा है। परंतु, प्राचीनकाल में भारत में उपयोग में लाए जा रहे आर्थिक मॉडल को अपनाए जाने के कारण भारत में प्रत्येक नागरिक को रोजगार उपलब्ध रहता था। भारत में अतिप्राचीन काल से ग्रामीण क्षेत्र ही विकास के केंद्र रहते आए हैं। भारत का कृषि क्षेत्र तो विकसित था ही, साथ में, कुटीर उद्योग भी अपने चरम पर था। पीढ़ी दर पीढ़ी व्यवसाय को आगे बढ़ाया जाता था। नौकरी शब्द तो शायद उपयोग में था ही नहीं क्योंकि परिवार के सदस्य ही अपने पुरखों के व्यवसाय को आगे बढ़ाने में रुचि लेते थे अतः भारत के प्राचीन काल में नागरिक उद्यमी थे। नौकरी को तो निकृष्ट कार्य की श्रेणी में रखा जाता था। भारत में भी आर्थिक विकास की दर में तेजी तो दृष्टिगोचर है तथा प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि हो रही है और आज यह लगभग 2500 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष हो गई है। प्रति व्यक्ति आय यदि 14000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष हो जाती है तो भारत विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। अतः प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने के लिए भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की आय में वृद्धि करने पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत में आर्थिक विकास के साथ साथ मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या भी बढ़ रही है। परंतु, साथ में आय की असमानता की खाई भी चौड़ी हो रही है, क्योंकि उच्चवर्गीय एवं उच्च मध्यमवर्गीय परिवारों की आय तुलनात्मक रूप से तेज गति से बढ़ रही है।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। आज घर के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन से रिश्तों में चल रही गलतफहमियां दूर होंगी। यह समय अपने व्यवहार और पिछले समय में की गई गलतियों में सुधार लाने का है। आप मजबूती के साथ एक नई शुरुआत करेंगे और सफलता भी मिलेगी।

**वृष राशिः** आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज आपके ऊपर कुछ जिम्मेदारियां रहेगी। कर्म से ही भाग्य को भी बल मिलता है, लिहाजा आपका कर्म प्रधान होना आपको अधिक सकारात्मक बनाएगा। छात्रों को अपने पढ़ाई के अनुकूल परिणाम सामने आएंगे।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज कारोबार में छोटी-छोटी बारीकियां समझना जरूरी है। आज किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना उचित रहेगा। प्रतिस्पर्धा का नकारात्मक असर आपकी कार्यप्रणाली पर भी पड़ेगा। घबराने की बजाय हिम्मत से काम लेंगे तो समस्या सुलझ जाएगी।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज कुछ उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी इसलिए पूरी ऊर्जा के साथ अपने काम पर ध्यान देंगे। हालांकि आपकी मेहनत से परेशानी हल हो जाएंगी। घर के रख रखाव अथवा नवीनीकरण संबंधी कोई काम चल रहा है

**सिंह राशिः** आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद होंगे। आज बिजनेस में मौजूदा काम ही पूरे करेंगे। भविष्य को लेकर बनाई योजनाएं सफल होंगी। मिलकर किये गए कामों में मुनाफा होने के योग है। मार्केटिंग संबंधी कार्यों को करने में अनुभवी लोगों का सहयोग मिलेगा। आज आपको दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिल सकता है।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज बाहरी लोगों का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत तथा पारिवारिक व्यवस्था पर ना पड़ने दें। पारिवारिक अथवा सामाजिक गतिविधियों में अपने निर्णय को ही सर्वोच्च रखें। रिश्तेदारों के साथ मेल-मुलाकात करते समय व्यवहार में सौम्यता भी रखना जरूरी है। घर पर रिश्तेदारों के आगमन से कुछ खास काम रुक सकते हैं।

**तुला राशिः** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप अपने दिनचर्या में बदलाव करेंगे, जो आपके लिए लाभदायक साबित होगा। आप अपनी पारिवारिक व व्यवसायिक जिम्मेदारियों को बखुबी अंजाम देंगे। यश कीर्ति और मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज घर में रिश्तेदारों की आवाजाही रहेगी, जिससे घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आर्थिक स्थिति को बेहतर करने का प्रयास सफल रहेगा। प्रभावशाली लोगों के साथ जान-पहचान बढ़ेगी, जो कि आगे चलकर आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती है।

**धनु राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपकी दिनचर्या व्यवस्थित बनी रहेगी। प्रॉपर्टी संबंधी कोई मामला रुका हुआ है तो उसको हल करने का उचित दिन है। किसी खास व्यक्ति द्वारा आपको उचित सलाह भी मिलेगी। आपके सहज और उत्तम स्वभाव की वजह से लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे। आज घर में नन्हे मेहमान के आने की संभावना बन रही है

**मकर राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। पिछले कुछ समय से चल रही समस्याओं से आज कुछ राहत मिलेगी। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए जो प्रयास किए हैं, उसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे।

**कुंभ राशिः** आज आप अपने कार्यों में बहुत हद तक सफल रहेंगे। आज किसी समारोह अथवा सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण मिलेगा। आपकी शिक्षा अथवा करियर से संबंधित रुकावटें दूर होंगी। इस राशि की महिलाओं को आज के दिन कोई खुश खबरी मिल सकती है।

**मीन राशिः** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी विशेष प्रयास को लेकर आपको अति आत्मविश्वासी होने से बचना चाहिए। किसी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप अपने घर परिवार पर ना होने दें। बेहतर होगा कि घर की सभी समस्याएं आपस में ही बैठकर सुलझाने का प्रयास करें।

# राजनीतिक मकसद साधने की मंशा न हो

//अजीत द्विवेदी//

**केंद्र सरकार ने जनगणना की अधिसूचना जारी नहीं की है, लेकिन एक, जनवरी 2025 से प्रशासनिक सीमाएं सील हो जाएंगी और उससे पहले भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण का कार्यकाल अगस्त 2026 तक बढ़ा दिया गया है, जिससे यह संकेत मिल रहा है कि अगले साल जनगणना होगी। उसके अगले साल यानी 2026 में लोकसभा सीटों का परिसीमन होगा और फिर इसी आधार पर 2029 में साथ होने वाले चुनाव में एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। इस बीच तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक बड़ा सवाल उठाया है। उन्होंने एक सामाजिक कार्यक्रम में, जहां 16 नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया जाना था, वहां कहा कि जब हम ऐसी स्थिति का सामना कर रहे हैं, जहां संसद में सीटों की संख्या कम होने वाली है तो हमें छोटा परिवार क्यों रखना चाहिए'।**

इसके आगे उन्होंने नवविवाहित जोड़ों से ज्यादा बच्चे पैदा करने और उन्हें सुंदर तमिल नाम देने का आग्रह किया। हालांकि उन्होंने संसद में सीटों की संख्या कम होने के बारे में विस्तार से कुछ नहीं कहा लेकिन उनका इशारा परिसीमन के बाद की स्थितियों की ओर था। उनसे पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने भी लोगों से ज्यादा बच्चे पैदा करने का आग्रह किया था। हालांकि उनका घोषित सरोकार यह था कि दक्षिण के राज्यों में आबादी बूढ़ी हो रही है और कामकाजी युवाओं की संख्या कम हो रही है। परंतु कहीं न कहीं वे भी इस बात से चिंतित हैं कि अगर आबादी के आधार पर लोकसभा सीटों का परिसीमन हुआ तो दक्षिण के राज्यों की राजनीतिक हैसियत घटेगी।

तभी यह बड़ा सवाल है कि लोकसभा सीटों के परिसीमन का आधार क्या होगा। क्या सीधे तौर पर जनसंख्या के हिसाब से सीटों की संख्या में बढ़ोतरी कर दी जाएगी। अगर ऐसा हुआ तो उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र जैसे बड़ी आबादी वाले राज्यों को फायदा होगा और दक्षिण भारत के राज्य घाटे में रहेंगे। तभी चंद्रबाबू नायडू और एमके स्टालिन की चिंता सामाजिक या आर्थिक नहीं, बल्कि राजनीतिक दिखती है। यह चिंता क्षेत्रीय वर्चस्व और फिर अस्मिता की राजनीति में भी बदल सकती है, जिससे एक बड़ा खतरा पैदा हो सकता है।

इसलिए सरकार को परिसीमन के फॉर्मूले के बारे में तर्कसंगत तरीके से विचार करना होगा और उस पर सभी दलों व राज्यों की सहमति अनिवार्य रूप से लेनी होगी। ध्यान रहे लोकसभा सीटों का परिसीमन जम्मू कश्मीर की तरह नहीं होगा, जहां मनमाने तरीके से भौगोलिक सीमाओं का ध्यान रखे बगैर इस तरह से विधानसभा सीटों का सीमांकन हुआ कि जम्मू क्षेत्र में छह सीट बढ़ गई और कश्मीर घाटी में सिर्फ एक सीट बढ़ी।

आजादी के बाद से मोटे तौर पर आबादी के आधार पर ही लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या तय होती रही है। तभी उत्तर प्रदेश में 80 सीटें हैं और तमिलनाडु में 39 हैं। लेकिन आजादी के बाद राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण के उपायों को अलग अलग तरीके से लागू किया। आर्थिक रूप से विकसित राज्यों ने बेहतर ढंग से जनसंख्या नियंत्रण का किया तो उनके यहां जनसंख्या वृद्धि की दर राष्ट्रीय औसत से काफी नीचे आ गई। दक्षिण के राज्यों में तो जनसंख्या बढने् की दर रिप्लेसमेंट रेट से भी कम है। रिप्लेसमेंट रेट 2.1 है। इसका मतलब होता है कि अगर दो लोग मिल कर 2.1 बच्चे पैदा करते हैं तो जनसंख्या नहीं बढ़ेगी वह स्थिर हो जाएगी। दक्षिण के राज्यों में जनसंख्या बढने् की दर 1.6 फीसदी है, जो रिप्लेसमेंट रेट से काफी कम है, जबकि उत्तर के राज्यों खास कर बिहार और उत्तर प्रदेश में वृद्धि दर रिप्लेसमेंट रेट से ज्यादा है।

ऐतिहासिक रूप से यह स्थिति रही है तभी दक्षिण के राज्यों में आबादी नियंत्रित हो गई और उत्तर भारत के राज्यों में बढ़ती चली गई। हालांकि अब वहां भी रफ्तार धीमी हो रही है लेकिन उन राज्यों की जनसंख्या बहुत ज्यादा है। अगर इस आधार पर उनकी लोकसभा सीटें बढ़ती हैं तो यह उन राज्यों के साथ अन्याय होगा, जिन्होंने अपने यहां आबादी का बढना् रोका। उन्होंने अच्छा काम किया इसके लिए उनको सजा नहीं दी जानी चाहिए।

अगर सरकार पारंपरिक रूप से आबादी को आधार बनाती है और औसतन 20 लाख की आबादी पर एक सीट का फॉर्मूला तय होता है तो दक्षिण के ज्यादातर राज्यों में सीटों में कोई बदलाव नहीं होगा, जबकि उत्तर प्रदेश में सीटों की संख्या 80 से बढ़ कर 120 हो जाएगी। बिहार में 40 से बढ़ कर 70 हो जाएगी। सोचें, इससे इन राज्यों की राजनीतिक हैसियत कितनी बढ़ जाएगी। अगर ऐसा होता है तो ओवरऑल लोकसभा की सीटों में बड़ी बढ़ोतरी करनी होगी। वैसे नए संसद भवन में इसकी तैयारी पहले हो चुकी है। नए संसद भवन में निचले सदन यानी लोकसभा में 880 सांसदों के बैठने की व्यवस्था है। अगर संख्या इतनी नहीं भी बढ़ाएं तब भी आठ सौ तक संख्या जा सकती है। इस फॉर्मूले से यानी आबादी के अनुपात में सीटों की संख्या बढ़ाने का फैसला होता है तो दक्षिण के सभी राज्यों को मिला कर करीब 20 सीट का फायदा होगा। लेकिन उत्तर और पश्चिम भारत के राज्यों में डेढ़ सौ से ज्यादा सीटें बढ़ जाएंगी।

अगर सरकार लोकसभा सीटों की संख्या नहीं बढ़ाने का फैसला करती है तब परिसीमन में जनसंख्या का पैमाना 30 लाख की आबादी पर एक सीट का रखना होगा। अगर ऐसा किया जाता है तब उत्तर प्रदेश में 80 और बिहार में 42 सीटें होंगी। लेकिन ऐसे में कम से कम आठ राज्य ऐसे होंगे, जहां लोकसभा की एक भी सीट नहीं बनेगी क्योंकि उन राज्यों की आबादी 30 लाख से कम है। अगर किसी भी राज्य में जीरो सीट नहीं रखनी है यानी चाहे जितनी आबादी हो उसे कम से कम एक लोकसभा सीट देनी है तो सबसे छोटे राज्य की आबादी के हिसाब से एक सीट का फॉर्मूला बनाना होगा। ऐसे में ओवरऑल सीटों की संख्या में छह सीटों की बढ़ोतरी होगी यानी कुल सीट संख्या 549 हो जाएगी। लेकिन उत्तर प्रदेश में तब भी 12 सीटें बढ़ जाएंगी। बिहार में भी 10 सीटों का इजाफा होगा। राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात आदि में भी ठीक ठाक बढ़ोतरी होगी। इसके बरक्स पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु आदि में सीटों की संख्या घटेगी।

इनमें से कोई भी फॉर्मूला बहुत युक्तिसंगत नहीं लगता है। सीटों की मौजूदा संख्या कायम रखने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि आबादी बहुत बढ़ चुकी है और एक सांसद के लिए इतनी बड़ी आबादी का प्रतिनिधित्व करना संभव नहीं है। लेकिन सीटों की संख्या सीधे आबादी के आधार पर बढ़ा देना भी युक्तिसंगत नहीं है। सो, जनसंख्या, भौगोलिक क्षेत्र और जीडीपी तीनों के औसत को आधार बनाना चाहिए। यानी किसी राज्य की जनसंख्या बहुत ज्यादा है और उसका कुछ फायदा उसे मिलता है तो किसी और राज्य को उसका भौगोलिक क्षेत्र ज्यादा बड़ा होने का फायदा मिलना चाहिए तो किसी राज्य को जीडीपी में ज्यादा योगदान करने का फायदा मिलना चाहिए। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि किसी भी राज्य के साथ अन्याय नहीं हो। किसी भी राज्य की राजनीतिक और विधायी हैसियत अनुपात से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। सभी पार्टियों को साथ लेकर उनकी सहमति से परिसीमन का फॉर्मूला तय करना चाहिए। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि इसके पीछे कोई राजनीतिक मकसद साधने की मंशा न हो।

# डोनाल्ड ट्रंप की इस प्रचंड जीत से दुनिया की सेहत पर क्या बड़ा फर्क पड़ने वाला है

//नीरज कुमार दुबे//

**इस चुनाव की खास बात यह भी रही कि अमेरिका में भी चुनाव सर्वेक्षण विफल साबित हुए हैं। पहले सबने अनुमान लगाया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में बहुत कांटे की टक्कर रहने वाली है और इस बार का चुनाव अमेरिकी इतिहास में सबसे करीबी मुकाबले के रूप में देखा जायेगा।**



अमेरिका का राष्ट्रपति चुनाव जीत कर डोनाल्ड ट्रंप ने वो कर दिखाया है जो इससे पहले कोई अमेरिकी नेता नहीं कर सका था। ट्रंप चार साल व्हाइट हाउस से बाहर रहे। तमाम मुकदमे झेले, कोर्टों के चक्कर लगाये, चुनाव प्रचार के दौरान खुद पर गोली झेली। हम आपको याद दिला दें कि चुनाव प्रचार की शुरुआत में जानलेवा हमले में ट्रंप बाल-बाल बचे थे। उस समय गोली उनके कान को छूकर निकल गयी थी लेकिन अमेरिका को महान बनाने का संकल्प लेकर ट्रंप ने लोगों का समर्थन मांगा और उन्हें भरपूर समर्थन मिल भी गया। ट्रंप पिछला चुनाव करीबी मुकाबले में हार गये थे लेकिन इस बार उन्होंने अच्छे अंतर से चुनाव जीत कर साबित कर दिया है कि जनता का विश्वास उनके साथ है। ट्रंप के रहते आतंकवादी और उनके आका अपने बिल से बाहर निकलने का साहस नहीं जुटा पाते थे लेकिन पिछले चार सालों में दुनिया में आतंक बढ़ा और अमेरिका के समक्ष भी तमाम नई चुनौतियां खड़ी हुईं। उम्मीद है कि अब ट्रंप के कड़े रुख के चलते आतंकियों, उनके मददगारों और अमेरिकी जनता से पैसे ऐंठ रहे देशों की मौज-मस्ती खत्म होने होगी।

इस चुनाव की खास बात यह भी रही कि अमेरिका में भी चुनाव सर्वेक्षण विफल साबित हुए हैं। पहले सबने अनुमान लगाया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में बहुत कांटे की टक्कर रहने वाली है और इस बार का चुनाव अमेरिकी इतिहास में सबसे करीबी मुकाबले के रूप में देखा जायेगा। लेकिन ट्रंप की निर्णायक जीत ने सारे चुनाव पूर्व अनुमानों को गलत साबित कर दिया है। इसके अलावा, कमला हैरिस को जिस तगड़े चुनाव प्रचार के बावजूद करारी हार झेलनी पड़ी उससे यह अनुमान भी सहज ही लगाया जा सकता है कि यदि ट्रंप के मुकाबले जो बाइडन मैदान में उतरे होते तो उन्हें कितनी तगड़ी हार झेलनी पड़ती।दुनिया के लिए क्या होंगे ट्रंप की जीत के मायने, अगर इस पर बात करें तो आपको बता दें कि अब मध्य-पूर्व में जारी जंग और यूक्रेन-रूस युद्ध खत्म होने के आसार बढ़ सकते हैं क्योंकि ट्रंप ने जीत के बाद भी कहा है कि वह युद्ध नहीं चाहते। इसके अलावा, विदेश से सभी सामानों के आयात पर 20 प्रतिशत सार्वभौमिक शुल्क लगाने की ट्रंप की योजना है। ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान चेतावनी दी थी कि चीन पर 60 प्रतिशत से लेकर 200 प्रतिशत तक शुल्क लगाया जा सकता है। हालांकि यह इससे ज्यादा भी हो सकता है। इन कदमों से मुद्रास्फीति बढ़ने और अमेरिकी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचने की आशंका है। साथ ही ऐसे कदमों से प्रतिशोध, व्यापार युद्ध और वैश्विक अर्थव्यवस्था तहस-नहस होने का भी अंदेशा है।इसके अलावा, अब यह भी देखना होगा कि मित्र देशों को शत्रु देशों से बचाने की अमेरिकी प्रतिबद्धता का क्या होता है। हम आपको बता दें कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का सदस्य होने के नाते इसके अन्य सदस्यों की मदद के लिए आगे आना अमेरिका का दायित्व है। नाटो के अनुच्छेद पांच के अनुसार यदि कोई देश किसी नाटो सदस्य पर हमला करता है तो वह सभी सदस्यों पर हमला माना जाता है। अमेरिका ने जापान और दक्षिण कोरिया के साथ भी ऐसी ही संधियां कर रखी हैं। अमेरिका के नेतृत्व में नाटो ने रूस से जारी युद्ध में यूक्रेन को सैन्य और आर्थिक सहायता प्रदान की है। इसके विपरीत ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह यूक्रेन को दी जा रही मदद रोक देंगे और कीव पर दबाव बनाएंगे कि वह रूस की शर्तों के अनुसार शांति प्रक्रिया अपनाए। ट्रंप बड़े-बड़े संगठनों को ताकत व प्रभाव दिखाने के मंच के रूप में देखने की बजाय खतरे की वजह और बोझ मानते हैं। हम आपको याद दिला दें कि अपने पिछले कार्यकाल में ट्रंप ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से अमेरिका को बाहर कर लिया था।

इस तरह की रिपोर्टें हाल में देखने को मिली हैं कि अमेरिका के कई पूर्व अधिकारियों को संदेह है कि ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिका को नाटो से निकालने की कोशिश करेंगे या समर्थन कम करके नाटो की प्रभावशीलता को कमतर कर देंगे। वहीं एशिया महाद्वीप की बात की जाए तो ट्रंप ने हाल में कहा था कि ताइवान को अमेरिका की ओर से मिल रही सुरक्षा के लिए भुगतान करना चाहिए। ट्रंप की इस टिप्पणी से यह संकेत मिलता है कि ताइवान की रक्षा के प्रति अमेरिकी प्रतिबद्धता कमजोर हो सकती है।इसके अलावा, इस तरह की रिपोर्टें भी सामने आई हैं कि अमेरिका में आंतरिक व्यवस्था में भी अब बदलाव देखने को मिल सकता है। अमेरिका में दक्षिणपंथ की ओर झुकाव रखने वाले एक थिंकटैंक ने 'प्रोजेक्ट 2025' तैयार किया है। अगर डोनाल्ड ट्रंप यह प्रोजेक्ट लागू करते हैं तो नौकरशाही में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। इस प्रोजेक्ट के लागू होने पर संविधान के प्रति निष्ठा रखने वाले 50 हजार अधिकारियों को हटाकर उनकी जगह ट्रंप के प्रति वफादार अधिकारियों को नियुक्त किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि ट्रंप प्रशासन न्याय, ऊर्जा और शिक्षा विभाग के साथ-साथ एफबीआई और फेडरल रिजर्व जैसी असंख्य संघीय एजेंसियों को भंग कर सकता है और अपने नीतिगत एजेंडे को लागू करने के लिए कार्यकारी शक्तियों का इस्तेमाल कर सकता है।जहां तक भारत के साथ अमेरिका के संबंधों की बात है तो इसमें किसी बड़े बदलाव की उम्मीद करना बेमानी होगा। ट्रंप के साथ व्यापार और आव्रजन को लेकर बातचीत में कठिनाइयां सामने आ सकती हैं हालांकि कई अन्य मुद्दों पर उनके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संबंध बहुत अच्छे हैं। इसके अलावा, ट्रंप जानते हैं कि भारत अगले 20-30 वर्षों में किसी समय दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा इसलिए वह इसकी अनदेखी करने का जोखिम नहीं उठाएंगे। ट्रंप की जीत के तत्काल बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई देते हुए ट्वीट करते हुए कहा है कि मेरे मित्र डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई।

उन्होंने कहा कि जैसा कि आप अपने पिछले कार्यकाल की सफलताओं को आगे बढ़ा रहे हैं, मैं भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए हमारे सहयोग को नवीनीकृत करने के लिए तत्पर हूं। प्रधानमंत्री ने बधाई संदेश के साथ ट्रंप और अपनी कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं। बहरहाल, इसमें कोई दो राय नहीं कि अमेरिका ने 1776 में अपनी स्थापना के समय से ही लोकतंत्र के माध्यम से दुनिया को आकर्षित एवं प्रेरित किया है। हालांकि, इस समय लोकतंत्र पर जो खतरा मंडराता दिख रहा था, वैसा खतरा पहले कभी नहीं देखा गया था। चुनाव परिणाम दर्शाते हैं कि कराधान, आव्रजन, गर्भपात, व्यापार, ऊर्जा और पर्यावरण नीति तथा दुनिया में अमेरिका की भूमिका समेत कई मामलों पर अमेरिकी मतदाता बहुत हद तक विभाजित दिखे।

## तस्वीरों की दुनिया



जम्मू-कश्मीर विधानसभा में अवामी इत्तेहाद पार्टी के विधायक खुर्शीद अहमद शेख द्वारा श्रीनगर में अनुच्छेद 370 की बहाली पर बैनर दिखाने के बाद हंगामा और तीखी नोकझोंक हुई। भाजपा विधायकों ने बैनर प्रदर्शन पर आपत्ति जताई।



पटना के एक गोदाम में लगी आग बुझाते हुए दमकलकर्मी।



प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार पटना में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया।



आगामी उपचुनाव के लिए श्योपुर में भाजपा प्रत्याशी रमाकांत के समर्थन में चुनावी रैली के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान।



गोवा के डाबोलिम हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आगमन पर गोवा के राज्यपाल पी.एस. श्रीधरन पिल्लई और मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने स्वागत किया।



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने मलप्पुरम जिले के अकम्पदम में वायनाड उपचुनाव से पहले रोड शो किया।



कांग्रेस नेता सचिन पायलट, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ, भोपाल में पटवारी के बंगले पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए।

# एस जयशंकर की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद बैन किया ऑस्ट्रेलियाई चैनल, कनाडा की करतूत पर भारत ने उठाए सवाल

नईदिल्ली, 08 नवंबर [एजेंसी]।

भारत ने एक बार फिर कनाडा पर करारा हमला बोला और कहा कि यह देश अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर पाखंड करता है। विदेश मंत्रालय की यह टिप्पणी कनाडा सरकार द्वारा मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया टुडे के इंटरनेट मीडिया हैंडल और उसकी मीडिया साइट को प्रतिबंधित किए जाने के बाद आई है।ऑस्ट्रेलिया टुडे ने विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके आस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग की संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस और जयशंकर के साक्षात्कार की रिपोर्टिंग की थी। इनके प्रसारण के चंद घंटों बाद ही कनाडा सरकार ने यह कदम उठाया। प्रेस कांफ्रेंस में जयशंकर ने कनाडा सरकार को घेरते हुए कुछ तथ्य सामने रखे थे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि जयशंकर से संबंधित समाचार की वजह से ही कनाडा सरकार ने उक्त मीडिया हाउस के हैंडल और साइट को प्रतिबंधित किया है। उन्होंने कहा - आस्ट्रेलिया टुडे भारतवंशियों के लिए एक महत्वपूर्ण



मीडिया हाउस है, लेकिन यह कनाडा के लोगों के लिए अब उपलब्ध नहीं है। इसे प्रतिबंधित किया जा चुका है। हमें इस पर बड़ा आश्चर्य है। यह कनाडा के पाखंड को बताता है।विदेश मंत्री जयशंकर ने उक्त प्रेस कांफ्रेंस में तीन बातें कही थीं। कनाडा बगैर किसी सुबूत के आरोप लगाता है। कनाडा हमारे राजनयिकों की जासूसी करा रहा है, जो स्वीकार्य नहीं है। तीसरी बात उन्होंने कनाडा में भारत विरोधी तत्वों को मिल रहे राजनीतिक जगह के संदर्भ में उठाई थी। इस आधार पर आप सभी यह निर्णय ले सकते हैं क्यों उक्त मीडिया को वहां ब्लाक किया गया है। जायसवाल ने कनाडा में भारतीय राजनयिकों की निगरानी की कड़ी निंदा करते हुए इसे पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल या उससे भी अधिक समय में हमने भारतीय राजनयिकों पर हमले, धमकी, भय, उत्पीड़न जैसी घटनाएं देखी हैं और ये लगातार बढ़ रही है। जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्री ने भी इस बारे में बात की है। हमने इस मामले को कनाडा के साथ बड़ी मजबूती से उठाया है।विदेश मंत्री एस जयशंकर और आस्ट्रेलिया की उनकी समकक्ष पेनी वोंग के बीच विभिन्न भू-राजनीतिक मुद्दों, जारी संघर्षों और भारत की सुरक्षा चिंताओं को लेकर चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह पूछे जाने पर कि क्या वोंग के साथ बैठक में कनाडा के मुद्दे पर चर्चा हुई, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्री ने आस्ट्रेलिया के साथ हमारी सभी सुरक्षा चिंताओं पर चर्चा की।उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री आस्ट्रेलिया के चार दिवसीय दौर पर हैं। जब किसी देश के विदेश मंत्री विदेश जाते हैं तो वह भू-राजनीतिक मुद्दों, क्षेत्रीय मुद्दों और वैश्विक मुद्दों पर बात करते हैं।

### जम्मू-कश्मीर में 2 सुरक्षा गार्ड की अपहरण के बाद हत्या, जैश-ए-मोहम्मद ने ली जिम्मेदारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकवादियों ने दो ग्राम रक्षा गार्ड की हत्या कर दी। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकवादियों द्वारा अपहरण और हत्या किए जाने की आशंका के बीच गुरुवार को दो ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) लापता हो गए।पुलिस और सेना ने घने जंगल वाले इलाके में बड़े पैमाने पर संयुक्त तलाशी अभियान चलाया है, लेकिन अभी तक कुछ भी नहीं मिला है। अधिकारियों ने कहा कि ओहली-कुंटवाड़ा के निवासी नजीर अहमद और कुलदीप कुमार आज सुबह अधवारी इलाके के मुंजला धार जंगल में अपने मवेशियों को चराने गए थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों द्वारा उनका अपहरण और हत्या किए जाने की खबरों के बीच पुलिस दल उन्हें खोजने के लिए निकल पड़े।

## राजस्थान में गहलोत सरकार के तीन मंत्रियों के खिलाफ हो रही जांच, जल्द खुलने लगेंगी परतें

जयपुर, 08 नवंबर [एजेंसी]।

राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार पिछली कांग्रेस सरकार के तीन मंत्रियों और तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के एक विश्वस्त के खिलाफ जांच में जुटी है। इन सभी के खिलाफ भाजपा सरकार को ठोस सुबूत मिले हैं। इनमें गहलोत सरकार में जलदाय मंत्री रहे महेश जोशी, पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल, पूर्व खान मंत्री प्रमोद जैन भाया और राज्य पर्यटन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ शामिल हैं।राठौड़ का नाम गहलोत सरकार के समय चर्चा में आई लाल डायरी में भी सामने आया था। राठौड़ गहलोत के राजनीतिक और व्यक्तिगत कामकाज देखने के साथ ही उनके पुत्र वैभव के राजनीतिक सलाहकार माने जाते थे।गहलोत सरकार में हुए 900 करोड़ रुपये से भी अधिक के जल जीवन मिशन (जेजेएम) घोटाला मामले में राज्य भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने तत्कालीन जलदाय मंत्री जोशी सहित 22 अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। सरकार को जोशी के खिलाफ जलदाय विभाग के अतिरिक्त जयपुर शहर में बेनामी संपतियों के खरीदने-बेचने और तबादलों में भ्रष्टाचार की शिकायत मिली है।

लिखित शिकायत मिलने के बाद जांच की जा रही है। धारीवाल के खिलाफ एकल पट्टा मामले में पहले से ही जांच चल रही है। अब जयपुर के सिटी पार्क और कोटा के चंबल रिवर फ्रंट व सिटी पार्क सहित विभिन्न परियोजनाओं में भ्रष्टाचार को लेकर धारीवाल के खिलाफ मिली शिकायतों की जांच भी प्रदेश की भाजपा सरकार ने शुरू करवाई है।भाजपा के प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास ने गुरुवार को जयपुर में कहा कि अभी सिर्फ दो (धारीवाल और जोशी) पर ही शिकंजा कसा है, आगे-आगे देखिए क्या होता है।

## पहले यौन शोषण बाद में समझौता, नहीं रद होगा केस, सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

नईदिल्ली, 08 नवंबर [एजेंसी]।



अक्सर हम देखते हैं कि यौन शोषण के मामले में समझौता होने के बाद कोर्ट केस को रद कर देता है। लेकिन एक में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि शिकायतकर्ता और आरोपी के बीच समझौता होने के बाद भी यौन शोषण के मामले को रद नहीं किया जा सकता है। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले को भी रद कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए टिप्पणी की कि यौन उत्पीड़न के मामले को इस आधार पर रद नहीं किया जा सकता कि शिकायतकर्ता और आरोपी के बीच समझौता हो गया है। राजस्थान हाईकोर्ट ने समझौते के आधार पर यौन उत्पीड़न के मामलों को रद कर दिया गया था जिसको सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया और हाईकोर्ट के आदेश को रद कर दिया।

जस्टिस सीटी रविकुमार और पीवी संजय कुमार की खंडपीठ ने अहम फैसला सुनाया और कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय के फैसले को आदेश को रद कर दिया गया है और खारिज कर दिया गया है, एफआईआर और आपराधिक कार्यवाही कानून के अनुसार आगे बढ़ाई जाएगी। पीठ ने स्पष्ट किया कि उसने मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी नहीं की है। बार और बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक फैसला पिछले साल अक्टूबर में सुरक्षित रखा गया था और यह उस मामले में आया था जिसमें यह सवाल था कि क्या सीआरपीसी की धारा 482 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए उच्च न्यायालय के पास आरोपियों के बीच समझौते के आधार पर यौन उत्पीड़न के मामले को रद करने की शक्ति है।मामला 2022 का है।

जब राजस्थान के गंगापुर में एक नाबालिग दलित लड़की ने सरकारी स्कूल के शिक्षक पर यौन उत्पीड़न का लगाया और पुलिस में शिकायत कराई थी। वहीं, पुलिस ने छानबीन करने के बाद शिक्षक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया था और बाद में नाबालिग के खिलाफ बयान भी दर्ज किया गया था। शीर्ष अदालत ने शुरू में कहा था कि किसी आपराधिक मामले में किसी अप्रभावित पक्ष द्वारा याचिका दायर नहीं की जा सकती है, हालांकि, बाद में इस मुद्दे को उठाने और इसकी जांच करने का फैसला किया गया।

# हैरिस की हार के लिए डेमोक्रेट किसे मान रही जिम्मेदार, कमला ने कहा- जारी रहेगी लड़ाई

वाशिंगटन, 08 नवंबर [एजेंसी]।

राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस की हार से डेमोक्रेटिक पार्टी गुस्से में है। पार्टी के कई नेताओं ने हार के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन के कमजोर नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराया है। कहा है कि बाइडन के खराब स्वास्थ्य और चुनाव प्रचार में उनके कमजोर प्रदर्शन ने चुनाव में डेमोक्रेट प्रत्याशी की स्थिति कमजोर की। जबकि बाइडन ने रिपब्लिकन पार्टी प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप को कड़ी टक्कर देने के लिए हैरिस की तारीफ की है। कमला हैरिस ने जिस तरह से महज तीन महीने पहले प्रत्याशी बनकर चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप को टक्कर दी, उससे डेमोक्रेटिक पार्टी में उनकी जीत की उम्मीद पैदा हुई थी। यह उम्मीद टूटने पर पार्टी अब हार के कारणों को तलाश रही है। ऐसे में पार्टी नेताओं को बाइडन का प्रदर्शन नाकाफी लग रहा है। कहा जा रहा है कि मानसिक रूप से कमजोर पड़ने के बावजूद जिस प्रकार से बाइडन चुनाव मैदान में डटे रहे उससे ट्रंप को मजबूत होने का मौका मिला।बाइडन ने जब अपनी स्थिति कमजोर मानते हुए मैदान छोड़ा तब तक बहुत देर हो चुकी थी और पार्टी प्रत्याशी बनीं हैरिस को



चुनाव के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला। विदित हो कि जून में ट्रंप के साथ सीधी बहस में बाइडन उनसे हल्के पड़े थे। इसका डेमोक्रेटिक पार्टी और मतदाताओं के बीच गलत संदेश गया था। डेमोक्रेटिक पार्टी के एक प्रमुख चंदा देने वाले ने सवाल उठाया है कि बाइडन आखिर इतने लंबे समय तक चुनाव मैदान में बने रहे जबकि वह सक्षम नहीं थे। जब उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था तब उन्हें चुनाव में उम्मीदवार नहीं बनना चाहिए थे। 81 वर्षीय बाइडन लगातार कहते रहे कि वह फिट हैं और ट्रंप को हराने में सक्षम हैं। वह आने वाले चार वर्षों तक देश का नेतृत्व कर सकते हैं।

जुलाई में जब उन्होंने उम्मीदवारी छोड़ने की घोषणा की तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डेमोक्रेटिक पार्टी के एक अन्य नेता ने कहा कि बाइडन के करीबी लोग उन्हें गलतफहमी में डाले हुए थे और उन्हें राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए उकसा रहे थे। डेमोक्रेटिक पार्टी को लंबे समय से चंदा दे रहे बिल एकमैन ने कहा है कि पार्टी को अब आमूल-चूल परिवर्तन की जरूरत है।जबकि राष्टपति बाइडन ने अभूतपूर्व परिस्थितियों में शानदार चुनाव प्रचार के लिए अपनी पार्टी की प्रत्याशी कमला हैरिस को बधाई दी है। कहा, अमेरिका ने देखा कि उनके (हैरिस में) भीतर कितनी प्रतिभा है और वह इसी प्रतिभा के कायल हैं। इसीलिए उन्होंने राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए हैरिस का नाम प्रस्तावित किया था। कमला हैरिस में मजबूत नैतिक बल और देश को लेकर स्पष्ट दृष्टि है। राष्ट्रपति चुनाव में हार के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रत्याशी उप राष्ट्रपति कमला हैरिस गुरुवार को मंच पर आईं। हावर्ड विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कमला भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि हृदय भरा हुआ है। लेकिन वह देश की बेहतरी के लिए कार्य करेंगी।

## शौच के लिए गई किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास, नाकाम रहे आरोपी ने चाकू से दे डाले 11 जख्म, हालत गंभीर

दरभंगा, 08 नवंबर [एजेंसी]।

बिहार के दरभंगा जिले में एक किशोरी से दुष्कर्म करने में विफल होने के बाद उसे चाकू से गोदकर जख्मी कर देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामाल बहेड़ा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, बहेड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय किशोरी शौच के लिए गई थी। आरोप है कि आरोपी ने दुष्कर्म करने में विफल रहने पर उसे चाकू से गोद दिया। ग्रामीणों ने बुरी तरह से जख्मी किशोरी को गंभीर अवस्था में डीएमसीएच में भर्ती कराया है। इसके साथ ही आरोपित युवक को पकड़कर उसकी जमकर धुनाई भी कर दी। इसके ग्रामीणों ने आरोपी को पीटने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया है। यह पूरी घटना गुरुवार सुबह बहेड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई है। वारदात में जख्मी पीड़ित किशोरी के पिता परदेस में मजदूरी करते हैं। जबकि उसकी मां गांव के निकट ही ईंट भट्ठा में काम करती है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पीड़ित किशोरी गुरुवार सुबह अपने घर से बाहर निकली थी। वह घर से करीब 500 मीटर दूर स्थित एक पेट्रोल पंप के पास शौच के लिए गई हुई थी। इसी दौरान मौके पर पहले से घात लगाकर बैठे आरोपी ने पीड़ित किशोरी को दबोच लिया। बताया गया कि किशोरी ने आरोपी का विरोध किया। इतना ही नहीं; आरोपी के साथ पीड़ित किशोरी की हाथापाई भी हुई।

जानकारी के अनुसार, एक स्थानीय ग्रामीण ने वारदात के बारे में बताया कि दुष्कर्म में असफल रहने पर आरोपी युवक चाकू से पीड़ित किशोरी के ऊपर लगातार वार करने लगा था।इधर, पीड़ित किशोरी की मां ने भी घटना के बाद बताया कि आरोपी युवक ने उनकी बेटी को पेट, पीठ और हाथ सहित शरीर पर करीब 11 जगह चाकू से वार करके घायल कर दिया है। पीड़ित किशोरी के जख्म से अधिक मात्रा में खून बह जाने के कारण हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि फिलहाल पीड़िता का उपचार डीएमसीएच सीओटी में चल रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि किशोरी की स्थिति नाजुक है और पेट में गंभीर जख्म है। ऑपरेशन से पहले तीन यूनिट ब्लड की आवश्यकता है। इधर, बहेड़ा थाने की पुलिस आरोपित युवक से पूछताछ कर रही है।

# अंबानी-अडानी नहीं इस उद्योगपति ने दिया सबसे ज्यादा दान



नईदिल्ली, 08 नवंबर [एजेंसी]।

हुरून इंडिया ने पिछले वर्ष देश में परोपकारी कार्यों के लिए दान देने वालों की ताजा सूची जारी की है। इस सूची में देश के कुल 1,539 अमीरों को शामिल किया गया है, जिनमें प्रत्येक की व्यक्तिगत संपत्ति एक हजार करोड़ रुपये से ज्यादा है। आइए जानते हैं कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान परोपकारी कार्यों के लिए दान देने में कौन-किस स्थान पर रहा है। शिव नाडरः परोपकारी कार्यों के लिए दान देने के मामले एचसीएल टेक्नोलाजीज के संस्थापक शिव नाडर पहले स्थान पर रहे है। पिछले वर्ष नाडर ने 2,153 करोड़ रुपये की राशि दी है और इसमें 2022-23 के मुकाबले पांच प्रतिशत की वृद्धि रही है। नाडर इस सूची में लगातार तीसरे वर्ष शीर्ष पर रहे हैं। देश के दूसरे सबसे अमीर कारोबारी मुकेश अंबानी ने पिछले वर्ष 407 करोड़ रुपये परोपकारी कार्यों के लिए दिए हैं और ताजा सूची में वे दूसरे स्थान पर रहे हैं। बीते वर्ष अंबानी की रैंक में एक अंक का सुधार हुआ है।बजाज परिवारः आटो और वित्तीय क्षेत्र का कारोबार करने वाले बजाज परिवार ने पिछले वर्ष 352 करोड़ रुपये का दान दिया है और इस सूची में तीसरे स्थान पर रहा है। 2022-23 के मुकाबले पिछले वर्ष बजाज परिवार ने 33 प्रतिशत ज्यादा राशि दी है। कुमारमंगलम बिड़ला और परिवारः परोपकारी कार्यों के लिए 334 करोड़ रुपये की राशि देने वाले कुमारमंगलम बिड़ला और उनका परिवार इस बार सूची में चौथे स्थान पर रहा है। बीते वर्ष कुमारमंगलम बिड़ला और उनके परिवार ने 17 प्रतिशत ज्यादा राशि दी है। देश के सबसे अमीर कारोबारी गौतम अदाणी ने पिछले वर्ष 330 करोड़ रुपये की राशि परोपकारी कार्यों के लिए दी है। वे इस सूची में पांचवें स्थान पर बरकरार रहे हैं।154 करोड़ रुपये के साथ रोहिणी नीलेकणी परोपकारी कार्यों के लिए पैसे देने में महिलाओं में शीर्ष पर रही हैं। रोहिणी एक लेखिका हैं और इन्फोसिस के संस्थापक नंदन नीलेकणी की पत्नी हैं। 43 करोड़ रुपये रह गई है 203 दानदाताओं की औसत दान राशि पिछले वित्त वर्ष के दौरान। 2022-23 के दौरान 119 दानदाताओं ने औसतन 71 करोड़ रुपये दिए थे।

900 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज परोपकारी कार्यों के लिए पैसा देने के मामले में शीर्ष कंपनी रही है।कंपनी ने 840 करोड़ रुपये की राशि कॉरपोरेट सामाजिक दायित्वों (सीएसआर) पर खर्च करने की बात कही थी।3,680 करोड़ रुपये की सबसे ज्यादा दान राशि शिक्षा क्षेत्र को मिली है पिछले वित्त वर्ष के दौरान। 626 करोड़ रुपये के साथ हेल्थकेयर दूसरे और 331 करोड़ रुपये के साथ ग्रामीण परिवर्तन तीसरे स्थान पर रहा है।

## मैं व्यापार विरोधी नहीं, एकाधिकार विरोधी हूं, राहुल गांधी के लेख पर मचा सियासी बवाल

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी मोदी सरकार को लेकर अंबानी-अदाणी पर काफी निशाना साधते हैं। उनके हर संबोधन में अंबानी-अदाणी न आए ऐसा नहीं सकता है। वहीं, अब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि वह व्यवसाय विरोधी नहीं हैं, जैसा कि भाजपा द्वारा पेश किया जा रहा है, बल्कि एकाधिकार विरोधी और अल्पाधिकार-सृजन विरोधी हैं। राहुल गांधी ने यह भी दावा किया कि उनके द्वारा एक अखबार में लेख प्रकाशित होने के बाद, कई व्यवसाय मालिकों उनको बताया कि एक वरिष्ठ मंत्री उन्हें फोन करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार के कार्यक्रमों के बारे में सोशल मीडिया पर अच्छी बातें कहने के लिए मजबूर कर रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यह टिप्पणी द इंडियन एक्सप्रेस में एक लेख लिखने के एक दिन बाद आई है। लेख में कहा गया है कि मूल ईस्ट इंडिया कंपनी ने 150 साल से भी पहले अपना परिचालन बंद कर दिया था, लेकिन तब जो भय



पैदा होता था वह अब वापस आ गया है, एकाधिकारवादियों की एक नई नस्ल ने उसकी जगह ले ली है। गुरुवार को एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में, गांधी ने कहा कि मैं स्पष्ट करना चाहता हूं, मुझे भाजपा में मेरे विरोधियों द्वारा व्यापार विरोधी के रूप में पेश किया गया है। मैं बिल्कुल भी व्यापार विरोधी नहीं हूं, मैं एकाधिकार और अल्पाधिकार बनाने का विरोधी हूं, मैं एक या दो या पांच लोगों द्वारा व्यवसाय पर वर्चस्व का विरोधी हूं। वीडियो के साथ एक पोस्ट में, राहुल गांधी ने कहा कि मैं नौकरियों का समर्थक हूं, व्यापार का समर्थक हूं, नवाचार का समर्थक हूं, प्रतिस्पर्धा का समर्थक हूं। मैं एकाधिकार विरोधी हूं। उन्होंने जोर देकर कहा, हमारी अर्थव्यवस्था तभी फलेगी-फूलेगी जब सभी व्यवसायों के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष स्थान होगा। राजस्थान में भाजपा प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल और प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा पूर्व राजघरानों को लेकर लिखे गए लेख पर नाराजगी जताई है। अग्रवाल और दिया कुमारी ने राहुल के लेख की निंदा करते हुए कहा कि राहुल ने लेख के माध्यम से पूर्व राजपरिवारों पर सारहीन आरोप लगाए हैं।दिया ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि राहुल ने लेख के जरिए पूर्व राजपरिवारों की छवि धूमिल करने का काम किया है।

# महाविकास आघाड़ी की चुनावी रैली में गाया गया सावरकर का लिखा गीत, मंच पर थे राहुल गांधी और खरगे

मुंबई, 08 नवंबर [एजेंसी]।

स्वतंत्रता और मातृभूमि के लिए वीर सावरकर द्वारा लिखा गया गीत बुधवार को महाराष्ट्र के विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी (एमवीए) की एक रैली में गाया गया। बांद्रा कुर्ला काम्प्लेक्स (बीकेसी) में एमवीए की रैली में सावरकर के आलोचक व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी सहित कई विपक्षी नेताओं ने भाग लिया। यह गीत नेताओं द्वारा सभा को संबोधित करने से पहले गाया गया।सभा को संबोधित करने वालों में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राकांपा (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे शामिल थे। राहुल गांधी अक्सर सावरकर की आलोचना करते हुए भाजपा पर निशाना साधते हैं। भाजपा एमवीए में शामिल उद्धव ठाकरे के इस मुद्दे पर चुप्पी साधने पर अक्सर सवाल उठाती रहती है। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन से आगे निकलने की कोशिश में विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी (एमवीए) ने बुधवार को राज्य में महिलाओं के लिए प्रति माह 3,000 रुपये और राज्य परिवहन बसों में मुफ्त यात्रा का वादा किया। कृषि समृद्धि योजना के तहत किसानों का तीन लाख रुपये तक का ऋण माफ किया



जाएगा और फसल ऋण के नियमित पुनर्भुगतान के लिए प्रोत्साहन के रूप में 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। शिवसेना (यूबीटी), राकांपा (शरदचंद्र पवार) और कांग्रेस गठबंधन ने 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले यह घोषणा की। बीकेसी मैदान में बेरोजगार युवाओं के लिए चार हजार रुपये प्रति माह का भत्ता, 25 लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा देने का वादा किया गया। महाराष्ट्र में भाजपा, शिवसेना और राकांपा सरकार वर्तमान में अपनी एक योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपये का भुगतान कर रही है।

इस राशि को बढ़ाकर 2,100 रुपये करने का वादा किया गया है। एमवीए ने सत्ता में आने पर राज्य में जाति आधारित गणना कराने और केंद्र में सत्ता में आने पर आरक्षण में 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने का भी वादा किया।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कहा कि देश में आरएसएस-भाजपा और विपक्षी आइएनडीआइए के बीच विचारधारा की लड़ाई है। राहुल गांधी ने भाजपा पर सरकारें गिराने के लिए चुनाव आयोग, सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग का दुरुपयोग करने का भी आरोप लगाया। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि डा. बीआर आंबेडकर जैसे समाज सुधारकों की विरासत को संरक्षित करने की जरूरत है।

## रिटायर्ड जजों को मिल रही है 15 हजार रुपये पेंशन सुप्रीम कोर्ट भी हुआ हैरान, कहा- ऐसा कैसे हो सकता है



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को छह हजार से पंद्रह हजार रुपये के बीच मामूली पेंशन मिलने पर हैरानी जताई। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ हाई कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही है। इसमें कहा गया है कि उन्हें मात्र पंद्रह हजार रुपये पेंशन मिल रही है। याचिकाकर्ता जिला अदालत में 13 साल तक न्यायिक अधिकारी के रूप में सेवा देने के बाद इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किए गए थे। उन्होंने दावा किया कि अधिकारियों ने पेंशन की गणना करते समय उनकी न्यायिक सेवा पर विचार करने से इन्कार कर दिया था। पीठ ने टिप्पणी की कि हमारे सामने हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं, जिन्हें छह हजार और पंद्रह हजार रुपये पेंशन मिल रही है, जो चौंकाने वाला है। ऐसा कैसे हो सकता है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि न्यायाधीशों के लिए सेवानिवृत्ति के बाद की सुविधाएं प्रत्येक हाई कोर्ट में अलग-अलग हैं और कुछ राज्यों ने बहुत बेहतर लाभ प्रदान किए हैं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई 27 नवंबर के लिए निर्धारित कर दी।



## दिव्यांका त्रिपाठी की द मैजिक ऑफ शिरी को मिली रिलीज तारीख

छोटे पर्दे की जानी-मानी अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी पिछले लंबे समय से वेब सीरीज द मैजिक ऑफ शिरी को लेकर चर्चा में हैं।उनकी यह सीरीज पिछले साल 13 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन किसी कारण निर्माताओं ने इसकी रिलीज टाल दी।अब द मैजिक ऑफ शिरी की नई रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है। आइए जानते हैं इस सीरीज को आप कहां और कब देख सकते हैं।

द मैजिक ऑफ शिरी का प्रीमियर 14 नवंबर, 2024 से जियो सिनेमा पर होने जा रहा है। निर्माताओं ने पोस्ट साझा करते हुए लिखा, मेहरबान कदरदान साहिबान, हो जाए तैयार, क्योंकि जल्द ही छाएगा शिरी का जादू।जावेद जाफरी और दास नमिता भी इस सीरीज का अहम हिस्सा हैं।द मैजिक ऑफ शिरी की कहानी एक घरेलू महिला के संघर्ष को दिखाती है, जो घरेलू कामकाजी की दुनिया से निकलकर ऐसा काम करना चाहती है, जिसमें उसकी दिलचस्पी है।

## रिवीलिंग लहंगा पहन नेहा मलिक ने इंटरनेट पर लगाया बोल्डनेस का तड़का

नेहा मलिक भोजपुरी इंडस्ट्री की टॉप अभिनेत्री में से एक हैं। उन्होंने अपनी बोल्डनेस और हॉटनेस से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। भोजपुरी इंडस्ट्री की हॉट एंड बोल्ड क्वीन नेहा मलिक आए दिन अपनी ड्रेसिंग सेंस से फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। नेहा मलिक की लेटेस्ट फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्लू कलर का सिजलिंग लहंगा पहना हुआ था, जिसमें वो एक से बढ़कर एक किलर लुक में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। माथे में मांगटिका, गले में नेकलेस और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।



# त्वचा को निखारने और स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है सी बकथॉर्न फ्रूट तेल

सी बकथॉर्न फ्रूट तेल एक प्राकृतिक उपाय है, जो आपकी त्वचा को निखारने और उसे स्वस्थ बनाने में मदद करता है।यह तेल विटामिन्स, मिनरल्स और एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है, जो आपकी त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं।इसके नियमित उपयोग से आप अपनी त्वचा को पुनर्जीवित कर सकते हैं और उसे मुलायम और चमकदार बना सकते हैं।आइए इस एसेंशियल ऑयल से मिलने वाले त्वचा संबंधी लाभों के बारे में जानते हैं।

### चेहरे की चमक बढ़ाने में है कारगर

सी बकथॉर्न फ्रूट तेल का नियमित उपयोग आपके चेहरे की चमक बढ़ा सकता है। इसमें मौजूद विटामिन-सी और विटामिन-ई आपकी त्वचा को पोषण देते हैं और उसे निखारते हैं।इसे अपने नमी देने वाले क्रीम में मिलाकर रोजाना इस्तेमाल करें। इससे आपकी त्वचा मुलायम और चमकदार बनेगी।इसके अलावा यह तेल आपकी त्वचा की गहराई तक जाकर उसे स्वस्थ बनाता है, जिससे आपका चेहरा ताजगी से भर जाता है।

### झुर्रियों को कम करने में है सहायक

सी बकथॉर्न फ्रूट तेल में एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो झुर्रियों को कम करने में मदद करते हैं। यह तेल आपकी त्वचा की लचक बढ़ाता है, जिससे झुर्रियां कम होती हैं और त्वचा को जवां बनाए रखता है।इसे रात में सोने से पहले अपने चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। इससे तेल आपकी त्वचा में अच्छे से समा जाएगा और आपको सुबह निखरी हुई त्वचा मिलेगी।

### मुंहासों से छुटकारा दिलाने में है प्रभावी

मुंहासों की समस्या से परेशान लोग भी सी बकथॉर्न फ्रूट तेल का उपयोग कर सकते हैं। इसमें बैक्टीरिया हटाने वाले गुण होते हैं, जो मुंहासों को दूर करने में मदद करते हैं।इसे सीधे मुंहासों पर लगाएं या फिर फेस पैक में मिलाकर इस्तेमाल करें। इसके अलावा यह तेल त्वचा की सूजन को कम करता है और उसे साफ-सुथरा बनाता है।नियमित उपयोग से आपकी त्वचा साफ और स्वस्थ दिखेगी, जिससे मुंहासों की समस्या भी कम होगी।

### सूखी त्वचा के लिए है लाभदायक

सूखी त्वचा वालों के लिए सी बकथॉर्न तेल एक बेहतरीन उपाय है। यह तेल गहराई तक जाकर आपकी त्वचा को नमी प्रदान करता है, जिससे सूखापन दूर होता है।इसे अपने बॉडी लोशन या क्रीम में मिलाकर रोजाना इस्तेमाल करें। इससे आपकी त्वचा मुलायम और स्वस्थ बनेगी।इसके नियमित उपयोग से आपकी त्वचा की नमी बनी रहती है और रूखापन कम होता है, जिससे त्वचा का प्राकृतिक निखार बरकरार रहता है।

### सनबर्न का कर सकता है इलाज



अगर आपको धूप में ज्यादा समय बिताना पड़ता है तो सी बकथॉर्न फ्रूट तेल आपके काम आ सकता है। इसमें सन प्रोटेक्शन गुण होते हैं, जो आपको सनबर्न से बचाते हैं। धूप में जाने से पहले इसे अपनी त्वचा पर लगाएं ताकि आप सुरक्षित रहें।सी बकथॉर्न फ्रूट तेल का सही तरीके से उपयोग करके आप अपनी त्वचा को स्वस्थ, सुंदर और निखरी हुई बना सकते हैं।

# वजन घटाने के लिए कीटो डाइट है कारगर

इन दिनों लोग वजन को नियंत्रित रखने के लिए कीटो डाइट का पालन करते हैं, जो असल में फायदेमंद होती है। यह एक लोकप्रिय डाइट है, जो उच्च वसा और कम कार्ब वाले खाद्य पदार्थों पर केंद्रित होती है।कार्ब को घटाने से शरीर कीटोसिस की स्थिति में आ जाता है, जिसके कारण वजन घटाने में मदद मिलती है। आप इस डाइट का पालन करते समय ये 5 स्नैक्स खा सकते हैं।

### एवोकाडो

आप अपने कीटोसिस के स्तर को बनाए रखने और ऊर्जा को बढ़ाने के लिए एवोकाडो खा सकते हैं। इसमें अच्छी मात्रा में स्वस्थ मोनोअनसैचुरेटेड वसा और फाइबर मौजूद होता है, जिससे आपका पेट लंबे समय तक भरा हुआ रह सकता है।इसमें पोटैशियम, विटामिन के और विटामिन ई भी पाए जाते हैं, जिनके जरिए तृप्ति की भावना बढ़ जाती है। आप एवोकाडो को छीलकर टुकड़ों में काटकर खा सकते हैं या इससे गुआकामोल बना सकते हैं।

### जुकीनी के चिप्स

अगर आपको स्नैक के तौर पर चिप्स खाना पसंद है, तो आप आलू के चिप्स के बजाय जुकीनी के चिप्स खा सकते हैं।इनमें कार्ब और कैलोरी की मात्रा कम होती है, जिसके कारण आप इन्हें कीटो डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। जुकीनी के चिप्स बनाने के लिए सबसे पहले जुकीनी को गोल और पतले आकार में काट लें।अब इनपर नमक, जैतून का तेल और काली मिर्च लगाकर इन्हें बेक कर लें।

### गुआकामोल के साथ खीरा

कीटो डाइट का पालन कर रहे लोग स्नैक के तौर पर खीरे के टुकड़े और गुआकामोल खा सकते हैं।खीरे में कार्ब कम होते हैं और पानी की मात्रा अधिक होती है। इसके जरिए आप हाइड्रेटेड रह सकते हैं और आपको वजन घटाने में मदद मिल सकती है।इसके साथ आप मेक्सिकन गुआकामोल खा सकते हैं, जो एवोकाडो को इस्तेमाल करके बनाई जाने वाली डिप होती है। इसकी रेसिपी के लिए आपको एवोकाडो में सब्जियां और मसाले मिलाने होंगे।

### डार्क चॉकलेट

ज्यादातर लोग चॉकलेट को अस्वस्थ मानते हैं, लेकिन आप इसके अपनी कीटो डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। आपको स्नैक के तौर पर डार्क चॉकलेट को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए।इसमें अच्छी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर होता है, जिनके जरिए पेट लंबे समय तक भरा रहता है और वजन घटाने में मदद मिलती है।हालांकि, आपको बिना चीनी वाली डार्क चॉकलेट ही खानी चाहिए, वार्ना आपका वजन बढ़ सकता है।

### चीज

कई लोग वजन घटाने वाली डाइट में चीज को शामिल नहीं करते हैं। हालांकि, इस डेयरी उत्पाद को आप कीटो डाइट का पालन करते समय खा सकते हैं।आप चीज की स्लाइस या चीज स्टिक का सेवन करने पर विचार कर सकते हैं। चीज स्वस्थ वसा से भरपूर होती है, जो आपके शरीर को ऊर्जा प्रदान करने के लिए आवश्यक होती है।अधिकांश चीज में कार्ब की मात्रा कम होती है, जो उन्हें एक आदर्श स्नैक बनाता है।



## रणबीर कपूर रामायण से करेंगे डबल धमाका अभी से सामने आई दोनों पार्ट की रिलीज डेट



रणबीर कपूर और साई पल्लवी स्टारर रामायण को लेकर फैंस बेसब्र थे। इस साल की शुरुआत में ही फिल्म के सेट से कई तस्वीरें और वीडियो वायरल हुए, जिन्होंने फैंस को बेकरार कर दिया था। राम के रूप में रणबीर कपूर की झलक ने लोगों का दिल जीत लिया था। बिना फिल्म के आधिकारिक ऐलान के ही लोग फिल्म को लेकर कई कयास लगाने लगे थे। दावों के अनुसार 800 करोड़ से ज्यादा के बजट में बन रही नितिश तिवारी की फिल्म को लेकर अब आधिकारिक ऐलान कर दिया गया है। फिल्म को लेकर मेकर्स ने खास पोस्ट किया है और बताया कि फिल्म दो हिस्सों में बन रही है। फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। फिलहाल अभी तक फिल्म की स्टार कास्ट का आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट साझा किया है। उन्होंने इसके बारे में जानकारी देते हुए पोस्ट में लिखा, एक दशक से भी ज्यादा समय पहले, मैंने इस महाकाव्य को बड़े पर्दे पर लाने के लिए एक महान प्रयास शुरू किया था, जिसने 5000 से ज्यादा सालों तक अरबों दिलों पर राज किया है। और आज मैं इसे खूबसूरती से आकार लेते हुए देखकर रोमांचित हूं क्योंकि हमारी टीमें सिर्फ एक ही उद्देश्य के साथ अथक परिश्रम कर रही हैं। हमारे इतिहास, हमारी सच्चाई और हमारी संस्कृति - हमारी रामायण का सबसे प्रामाणिक, पवित्र और आश्चर्यजनक रूपांतर दुनिया भर के लोगों के लिए पेश करना। हमारे साथ जुड़ें क्योंकि हम अपने सबसे महान महाकाव्य को गर्व और श्रद्धा के साथ जीवंत करने के अपने सपने को पूरा कर रहे हैंजदिवाली 2026 में भाग 1 और दिवाली 2027 में भाग 2, हमारे पूरे रामायण परिवार की ओर से। बता दें, मेकर्स ने दो सालों तक दिवाली को लॉक कर दिया है। रामायण पार्ट 1 और रामायण पार्ट 2 के लिए दिवाली 2026 और दिवाली 2027 की डेट लॉक कर दी गई हैं। फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज डेट के साथ जारी किया गया है। पोस्ट पर फिल्म के नाम के साथ रिलीज डेट और भगवान राम का धनुष देखने को मिल रहा है। इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं। साई पल्लवी सीता के किरादर में नजर आएंगी। वहीं कन्नड़ सुपरस्टार यश को रावण के रोल के लिए साइन किया गया है। फिल्म में रणबीर कपूर के डबल रोल होंगे, वो राम के साथ परशुराम के रोल में भी नजर आएंगे। दोनों पार्ट की फिल्मों का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है।

## बॉक्स ऑफिस पर भूल भुलैया 3 का बॉक्स ऑफिस पर कब्जा, पांचवें दिन कमाए इतने करोड़ रुपये

कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी की फिल्म भूल भुलैया 3 को दिवाली के मौके पर यानी 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था।इस फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक देते ही बॉक्स ऑफिस पर कब्जा कर लिया है। इस हॉरर कॉमेडी फिल्म को देखने के लिए सिनेमाघरों में दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है।शुरुआती तीन दिन टिकट खिड़की पर खूब नोट छापने के बाद अब कामकाजी दिनों फिल्म की दैनिक कमाई की रफ्तार धीमी हो गई है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, भूल भुलैया 3 ने पांचवें दिन यानी मंगलवार को 13 करोड़ रुपये का कारोबार किया।

## सु- दोकु क्र.229

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

नियम

### सु-दोकु क्र 228 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | [illegible] | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## शब्द सामर्थ्य -229

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 228 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

## रजनीकांत-बिग बी की फैंस को मिला बड़ा तोहफा

रजनीकांत और अमिताभ बच्चन अभिनीत वेट्टैयन टीजे ज्ञानवेल द्वारा लिखित और निर्देशित है। वेट्टैयन 10 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब वह ओटीटी पर धमाल मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। जो लोग सिनेमाघरों में फिल्म को देखने से चूक गए हैं, अब वे घर बैठे फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। चलिए आपको बताते हैं कि फिल्म कब और कहां रिलीज होने वाली है।

स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने वेट्टैयन की ओटीटी रिलीज की घोषणा की है। फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए इसकी ओटीटी प्रीमियर की रिलीज की तारीख से पर्दा उठाया गया है। प्राइम वीडियो इंडिया ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर वेट्टैयन का एक पोस्टर साझा किया।

पोस्टर में रजनीकांत, अमिताभ बच्चन, फहद फासिल और राणा दग्गुबाती हैं। पोस्टर साझा करते हुए उन्होंने घोषणा की कि एक्शन-ड्रामा फिल्म 8 नवंबर से स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी।

# एसएसपी अचानक रात्रि में पहुंचे चौकी, लगाई प्रभारी को फटकार

## गुंडे एवं बदमाश प्रकृति के लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश



**सूरजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने मंगलवार, 05 नवम्बर की रात अचानक चौकी लटोरी पहुंच औचक निरीक्षण किया। एसएसपी के अनाचक पहुंचने पर वहां मौजूद पुलिस अधिकारी व जवान चौक गए। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की गणना भी कराई और रात्रि के वक्त अधिक संख्या में जवानों की मौजूदगी बनाए रखने के निर्देश दिए।

रात्रि काल में अचानक पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने लंबित मामलों की समीक्षा पर कमियां पाए जाने पर प्रभारियों सहित विवेचकों को कड़ी फटकार लगाई और जल्द कमियों को पूरा कर निराकरण करने के निर्देश देते हुए मालखाना, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, रिकॉर्ड आदि का निरीक्षण कर चौकी प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। फरियादी के चौकी आने पर उसे बड़े आत्मीयता से बैठाकर उनकी समस्या सुने और निराकरण करने एवं रात्रि गश्त को और पुख्ता बनाने एवं गुण्डे व बदमाश प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एसएसपी सूरजपुर ने कहा कि जब हम अच्छा काम करेंगे तो वह स्वत: ही आमजन के बीच आएगा। उन्होंने कहा संवेदनशील मामलों का जल्द निपटारा हो। क्योंकि अगर ऐसे मामलों में देरी होती है तो अपराधियों का मनोबल बढ़ता है। उन्होंने थानों में दर्ज विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा की तथा संबंधित बीट प्रभारी से स्थिति की जानकारी भी ली। लंबित मामलों के निराकरण में धीमी गति पर प्रभारियों के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए सख्त निर्देश दिए कि मामलों को अनावश्यक लंबित न रखा जाए, अपराध पंजीबद्ध होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी करते हुए विवेचना जल्द पूर्ण कर चालान माननीय न्यायालय में पेश किए जाए।

## अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** मोवा और मौदहापारा थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मौलीपारा तेलीबांधा निवासी संजू साहू ने मोवा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलपी 0532 को जिला अस्पताल पंडरी के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में गुरूनानक चौक निवासी सैयद मोहम्मद जुनैद ने मौदहापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमडी 6227 व सीजी 04 एमजेड 0597 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए दोनों एक्टिवा की कीमत करीब 45 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# छठ गीतों से भक्तिमय हुआ छठ घाट,सर्व ब्राह्मण समाज ने कराया आयोजन



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में छठ महापर्व के अवसर पर सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा गुरुवार को अस्त होते भगवान सूर्य को छठी व्रतधारियों ने अर्घ्य दिया,एक ओर बैकुंठपुर में जहां अनेक छठ घाटों में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली तो वहीं जामपारा छठ घाट में भी बड़ी संख्या में व्रतधारियों समेत श्रद्धालुओं की उपस्थिति देखने को मिली।



नगर पालिका की नेता प्रतिपक्ष श्रीमती अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह के नेतृत्व में यहां कल कल बहती नदी की धरा के बीच भव्य तैयारियों के बीच छठी धारियों ने आज शाम अस्त होते सूर्य देव को भक्तिभाव से अर्घ्य दिया। इसके साथ ही सर्व ब्राह्मण समाज कोरिया के द्वारा भजन संध्या का आयोजन भी किया गया,जिसमें सियाधेश म्यूजिक बैंड के गायकों ने शानदार गीतों की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। छठ गीतों की सुमधुर प्रस्तुति से छठ घाट का माहौल भी पूरी तरह से भक्तिमय हो गया था। भजन संध्या देर तक चलता रहा तो वहीं शुक्रवार सुबह संगीत मय सुमिरन का आयोजन भी रखा गया है। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बृज मिश्रा ने सामाजिक जनों सहित अन्य श्रद्धालुओं से भी छठ घाट पहुंचकर महापर्व का दर्शन लाभ लेने हेतु आग्रह किया है।

## चाकूबाज चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रायपुर।** गोवर्धन पूजा एवं दीपावली पर्व में आहत् तरूण संतवानी घटनास्थल मनोज डेलीनिड्स के पास तिल्दा में खड़ा था। उसी समय आरोपी कैलाश उर्फ गोलू निषाद अपने साथी के साथ बुलेट में आकर बुलेट को खडी कर फ्टाखा जलाकर खडे तरूण संतवानी के तरफ फेंक रहा था, जिसे मना करने पर झगडा विवाद करने लगा। प्रार्थी सागर संतवानी एवं आहत् के भाई हरीश संतवानी भी आकर समझाने का प्रयास किये जिस पर आरोपी कैलाश उर्फ गोलू निषाद एवं उसके साथी सूर्या द्वारा आक्रोशित होकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये आरोपी कैलाश ने आहत् तरूण संतवानी को अपने पास रखे धारदार बटनदार चाकू से बांये जांघ के पीछे मारकर चोट पहुँचाया। आरोपी से मोटर सायकल बुलेट क्रमांक सीजी 04 एच.यू. 9240 एवं धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

# प्रसूता के स्वजन से नर्सों ने साफ कराया कमरा




**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर सिविल अस्पताल में प्रसूता के स्वजन से वार्ड की सफाई कराई गई। प्रसूता के स्वजन से बोला गया कि अत्यधिक रक्तस्राव से वार्ड और चादर गंदा हो गया है,बिना साफ-सुथरा किए जाना नहीं है। प्रसूता के स्वजन से वार्ड को साफ करवाया गया। आरोप है कि फर्श को धुलवाया गया। शिकायत सामने आने के बीएमओ ने जांच के निर्देश दिए हैं।

वाड्रफनगर विकासखंड के ग्राम गैना की महिला को संस्थागत प्रसव के लिए स्वजन ने सिविल अस्पताल वाड्रफनगर में भर्ती किया था। प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव हुआ था। सामान्य प्रसव से बच्चे का जन्म हुआ था। अब महिला और बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ हैं। अभी इन्हें अस्पताल में ही भर्ती रखा गया है। महिला के स्वजन प्रबंधन के व्यवहार से आहत है। उनका आरोप है कि उनसे वार्ड साफ कराया गया है। स्वजन का आरोप है कि प्रसव के बाद नर्सों ने कहा कि साफ-सफाई किए बगैर अस्पताल से जाना नहीं है। उन्हें साफ- सफाई करने के लिए विवश किया गया।अब इस मामले की शिकायत महिला के स्वजन ने अस्पताल के अधिकारियों से की है। उनसे अस्पताल में अच्छा व्यवहार नहीं किया गया। अस्पताल में साफ-सफाई करने वाला कोई नहीं था। महिला की हालत सामान्य नहीं थी , इसके बाद भी प्रबंधन ने संवेदनशीलता नहीं दिखाई। सफाई के लिए कर्मचारियों की व्यवस्था करने के बजाय स्वजन पर ही दबाब बनाया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डा शशांक गुप्ता ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है। शिकायत की जांच कराई जा रही है। जांच में आरोप प्रमाणित पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी।

## शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर 33 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में साइबर ठगी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक रिटायर्ड शिक्षक को ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाया गया। ठगों ने शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर 33 लाख 57 हजार रुपए की ठगी कर दी। यह घटना रायपुर के मुजगहन थाना क्षेत्र की है, जहां रिटायर्ड शिक्षक चंद्रमणि पांडेय ने ठगों के द्वारा किए गए झांसे में आकर भारी रकम निवेश कर दी। साइबर ठग ने खुद को प्रोफेसर बताकर चंद्रमणि पांडेय से संपर्क किया और शेयर मार्केट में निवेश करने का लालच दिया। ठग ने प्रोफेसर बनकर एक लिंक भेजा, जिससे पांडेय ने शेयर मार्केट में ट्रेडिंग शुरू करने का निर्णय लिया। साइबर ठग ने रिटायर्ड शिक्षक से एक के बाद एक कई किश्तों में पैसे जमा करवाए। शुरुआत में शेयर बाजार में लाभ मिलने का दावा किया गया, जिसके बाद रिटायर्ड शिक्षक ने विश्वास करके और अधिक पैसे जमा किए। लेकिन जैसे ही उन्होंने और पैसे भेजे, उनके अकाउंट से पैसे कटने शुरू हो गए। इस ठगी में रिटायर्ड शिक्षक के अकाउंट से कुल 33 लाख 57 हजार रुपये कट गए, जिसके बाद पीड़ित रिटायर्ड शिक्षक को एहसास हुआ कि वह ठगी का शिकार हो गए हैं।

# नरकेली में सेवा भारती ने अंत्योदय वर्ग को दिए गर्म कपड़े



**कोरिया बैकुंठपुर।** सेवा संस्कार समरसता समृद्धि जनजागरण कार्यक्रम के अंतर्गत 7 नवंबर 2024 को ग्राम पंचायत ललमटियापारा नरकेली में प्रात: 7.30 से 8.30 बजे। शीत ऋतु के प्रारंभ होने पर वंचित परिवारों को वस्त्रों का वितरण का कार्यक्रम सेवा भारती के सेवा विभाग के तत्वाधान में किया गया।

जिसमें स्वयंसेवकों के द्वारा छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग सभी वर्ग के लोगों के बीच में कपड़ा बांटा गया एवम् साथ ही साथ छोटे /बाल शिशु बच्चों को कपड़े के साथ बिस्किट का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेश जायसवाल का एवं आरएसएस के जिला प्रचारक नरसिंह भैया का उद्बोधन प्राप्त हुआ। देवेश जायसवाल ने जीवन में शिक्षा एवम् ज्ञान का महत्त्व और आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी किस प्रकार हमें शिक्षा के आभाव में शासकीय योजनाओं की जानकारी नहीं हो पाती और हम उन योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते स्वयं और समाज के विकास में योगदान भी नहीं दे पाते जागरूक होने के लिए शिक्षित होना बहुत आवश्यक है आदि। कार्यक्रम में डॉक्टर गौरव कांत बड़ेरिया, शैलेंद्र शर्मा ओमप्रकाश वर्मा, वंश राजवाड़े, सुरेश साहू सुरेश प्रसाद, अवधेश सिंह एवम् बैकुण्ठपुर नगर के अन्य सभी स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे।

# हाथी प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाई, मार्ग को किया गया बंद



**प्रतापपुर।** जिले के वन मंडलाधिकारी पंकज कमल ने वन परिक्षेत्र प्रतापपुर के सर्वाधिक हाथी प्रभावित वनक्षेत्र धरमपुर व टुकुडांड़ का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद उप वन मंडलाधिकारी आशुतोष भगत, वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तम मिश्रा, हाथी मित्र दल के सदस्य धनेश प्रताप सिंह, रेवत लाल, दशरथ यादव, राजकुमार से हाथियों की गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

उन्होंने वनक्षेत्र धरमपुर के गणेशपुर व कनकनगर के आसपास आठ हाथियों की मौजूदगी के कारण सुरक्षा की दृष्टि से गणेशपुर-कनकनगर वन मार्ग पर वनकर्मियों द्वारा राहगीरों की आवाजाही रोकने की गई बैरिकेडिंग का भी निरीक्षण किया। साथ ही राहगीरों को भी वैकल्पिक मार्ग से आवाजाही करने की समझाइश दी। इस दौरान जंगल की ओर मवेशियों को लेकर गए चरवाहों को भी जंगल से सुरक्षित बाहर निकाला गया। वनक्षेत्र धरमपुर के दलदली की ओर हाथियों के दल के जाने की संभावना को देखते हुए स्कूल से पढ़ाई कर वन मार्ग दलदली से अपने घरों को लौट रहे छात्रों को भी हाथी मित्र दल ने वन विभाग के वाहन में बैठाकर उनके घर तक पहुंचाया। वन क्षेत्र धरमपुर के बाद वन मंडलाधिकारी पंकज कमल ने वनक्षेत्र टुकुडांड़ के सिलफिली का भी भ्रमण कर हाथियों की गतिविधि की जानकारी ले आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इधर वनक्षेत्र धरमपुर में हाथियों की मौजूदगी के कारण गुरुवार को भी गणेशपुर-कनकनगर मार्ग को बैरिकेडिंग कर बंद रखा गया। वहीं वनक्षेत्र टुकुडांड़ के करसी स्थित छठ घाट में आने वाले छठव्रतियों को भी वनकर्मियों ने हाथियों की मौजूदगी की जानकारी देते हुए सावधान रहने की समझाइश दी। हाथी प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण करने से पूर्व वन मंडलाधिकारी पंकज कमल ने स्थानीय रेस्ट हाउस में वन विभाग प्रतापपुर के अधिकारी, कर्मचारी व हाथी मित्र दल की बैठक भी ली। उन्होंने विभागीय लोगों को हाथी प्रभावित क्षेत्रों की चौबीसों घंटे सतत निगरानी करने, हाथियों से हुए जानमाल के नुकसान की मुआवजा राशि समय सीमा में भुगतान करने, लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण करने, हाथी प्रभावित क्षेत्र के लोगों के साथ हाथियों की लोकेशन की जानकारी को लगातार साझा करने, ग्रामीणों को जंगल की ओर न जाने की समझाइश देने, हाथियों के कारण घटित होने वाली अप्रिय स्थिति से निपटने का भरसक प्रयास करने के निर्देश देने के साथ ही हाथियों से फसलों को हुए नुकसान के आंकड़ों की जानकारी ली।

इधर वन परिक्षेत्र प्रतापपुर के सरहरी जंगल के कक्ष क्रमांक आरएफ 36 में एक मखना (दांत रहित) नर हाथी के भी विचरण करने की जानकारी मिली है। इसकी वन विभाग की टीम व हाथी मित्र दल निगरानी करते हुए ग्रामीणों को मुनादी के माध्यम से लगातार सतर्क कर रहे हैं। सरहरी जंगल मे कुछ लोगों द्वारा हुकिंग कर तरंगित तार बिछाने की खबर पर वन विभाग की टीम एहतियात के तौर पर तरंगित तार का पता लगाने जंगल के भीतर सर्चिंग कर रही है।

## दो बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देशन पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के मार्गदरशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजेश देवांगन के पर्यवेक्षण में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने व चाकुबाजो के ऊपर कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से अवैध रुप से चाकू रखे चाकुबाजो को गिरफ्तार करने में सफ्लता प्राप्त हुई।

# छठ पर्व पर रामानुजगंज में श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

**बलरामपुर।** रामानुजगंज लोक आस्था के महापर्व छठ पर्व के तीसरे दिन अस्चलगामी सूर्य को अर्घ देने के लिए नदी में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं के उमड़े जन सैलाब के मध्य नजर राम मंदिर घाट में नवयुवक दुर्गा पूजा संघ वही शिव मंदिर घाट में स्थानीय छठ पूजन समिति के द्वारा व्यापक स्तर में व्यवस्था की गई थी। नगर पंचायत रमन अग्रवाल स्वयं खड़े होकर व्रतियों के कन्हर नदी में आने के पूर्व उनके आने वाले रास्ते की साफसफाई एवं पानी से पूरे रास्ते को धुलवाया गया। कृषि मंत्री राम विचार नेताम एवं सांसद चिंतामणि महाराज भी छठ पूजा में सम्मिलित हुए।

नगर में विगत कई दशकों से छठ पर्व की अद्भुत छटा देखने को मिलती है छठ पर्व यहां विशेष धूमधाम से मनाया जाता है। जिसके लिए 15 दिन पूर्व से व्यापक स्तर में तैयारियां प्रारंभ हो जाती है। कन्हर नदी में इस बार प्राकृतिक रूप से छठ घाट का निर्माण हो गया था नगर पंचायत के द्वारा साफसफाई एवं रेत को समतल कर ठीक कराया गया। श्रद्धालुओं के उमड़ी भीड़ के मध्य नजर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जगह-जगह तैनात रहा।

**सजावट एवं 7 घोड़े पर सवार सूर्य भगवान की मूर्ति रही आकर्षण का केंद्र**

राम मंदिर घाट में नवयुवक दुर्गा पूजा संघ के अध्यक्ष आलोक गुप्ता एवं अमित जायसवाल सहित समिति के अन्य लोगों के द्वारा रेस्ट हाउस रोड से राम मंदिर घाट वह कन्हर नदी में विशेष साज सज्जा कराई गई थी जो आकर्षण का केंद्र रहा वही शिव मंदिर घाट में भी स्थानीय समिति के द्वारा विशेष साथ साज सज्जा कराई गई थी दोनों घाटों में सात घोड़े पर सवार सूर्य भगवान की मूर्ति लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

**नदी के एक ओर झारखंड तो दूसरे और छत्तीसगढ़ के व्रतियों ने किया व्रत**

उत्तर वाहिनी गंगा के समान माने जाने वाली कन्हर नदी के एक ओर छत्तीसगढ़ के श्रद्धालु तो दूसरी ओर झारखंड के श्रद्धालु व्रत किये। दोनों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई।

**सांसद चिंतामणि एवं मंत्री नेताम पहुंचे छठ घाट टेका मत्था**

छत्तीसगढ़ के सरहद पर मनने वाले छठ पर्व में सम्मिलित होने कृषि मंत्री राम विचार नेताम उनकी पत्नी पुष्पा नेताम सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज सहित अन्य जनप्रतिनिधि छठ घाट पहुंचे एवं मत्था टेका।

**हजारों लोगों ने किया व्रत**

पिछले वर्षों की तुलना इस वर्ष व्रत करने वालों की संख्या काफी अधिक दिखी। महिलाओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में पुरुषों के द्वारा भी व्रत किया गया था। श्रद्धालुओं का जन सैलाब देखते बन रहा था।

# नरेंद्राचार्य महाराज की प्रेरणा से 321 धर्मांतरित लोगों की घर वापसी

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज दक्षिण पीठ धाम के द्वारा एक दिवसीय प्रवचन दर्शन और मार्गदर्शन कार्यक्रम रखा गया. इस कार्यक्रम में 50 परिवारों के करीब 321 लोगों की हिंदू धर्म में घर वापसी करवाई गई।

जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ पीठ के प्रमुख घनश्याम माहेश्वरी ने बताया कि स्वामी जगद्गुरु रामानंदाचार्य के द्वारा जो दक्षिण भारत रत्नागिरी से पीठेश्वर हैं. जगतगुरु नरेंद्र महाराज के संस्थान द्वारा आयोजित किया गया था. उन्होंने कहा आज मार्गदर्शन और शुद्धिकरण का कार्यक्रम था. जो हिंदू दूसरे धर्म में चले गए थे. उन्होंने खुद यहां पर आकर हिंदू धर्म में घर वापसी की है. यह सभी जिलों से लोग आए थे, जिसमें धमतरी, दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव, महासमुंद, बिलासपुर जैसे विभिन्न प्रांतों के लोग शामिल थे. इस अवसर पर समाजसेवी सच्चिदानंद उपासने ने कहा कि आज हवन के साथ में धर्म परिवर्तित लोगों ने घर वापसी की है. उन्होंने बताया कि देशभर में भ्रमित होकर दूसरे धर्मों को अपनाने वाले हिंदू परिवारों को मार्गदर्शन देकर घर वापसी करवाई जा रही है. करीब 1 लाख 65 हजार परिवारों का अब तक हिंदू धर्म में वापसी हो चुका है, जो अस्थाई नहीं स्थाई रूप से घर वापसी होती है. वही हिंदू धर्म से दूसरे धर्म में चले गए कुछ लोगों ने बातचीत करते हुए बताया कि दोस्त लोगों के साथ में चले गए थे. धीरे-धीरे सब जानने लगे, परिवार वाले भी जानने लगे. बाद में बताया गया कि सबको उन्हें छोड़ना पड़ेगा, समाज में भी अलग होना पड़ेगा. समाज में भी कहा गया था कि वहां जाओगे तो छोड़ दिया जाएगा. लालच नहीं दिया गया था. वहां जाने से सब ठीक होता है यह सुनकर वे लोग गए थे. दल्ली राजहरा से करीब 6 से 7 लोग दूसरे धर्म में चले गए थे. इस अवसर पर समाजसेवी सच्चिदानंद उपासने ने कहा कि आज हवन के साथ में धर्म परिवर्तित लोगों ने घर वापसी की है. उन्होंने बताया कि देशभर में भ्रमित होकर दूसरे धर्मों को अपनाने वाले हिंदू परिवारों को मार्गदर्शन देकर घर वापसी करवाई जा रही है. करीब 1 लाख 65 हजार परिवारों का अब तक हिंदू धर्म में वापसी हो चुका है, जो अस्थाई नहीं स्थाई रूप से घर वापसी होती है. वही हिंदू धर्म से दूसरे धर्म में चले गए कुछ लोगों ने बातचीत करते हुए बताया कि दोस्त लोगों के साथ में चले गए थे. धीरे-धीरे सब जानने लगे, परिवार वाले भी जानने लगे।

# सिर पर वार कर पत्नी की हत्या,पति को आजीवन कारावास

**अंबिकापुर।** लगभग एक वर्ष पूर्व पत्नी की सिर पर पत्थर से वार कर हत्या करने के आरोपित पति को सत्र न्यायाधीश रामकुमार तिवारी के न्यायालय ने आजीवन कारावास व एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर आरोपित को तीन माह अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतना होगा। घटना सरगुजा जिले के बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम कदनई गुड़गुड़झरिया की है। लोक अभियोजक गौरांगो सिंह ने बताया कि आरोपित सोमार साय, पत्नी कांति तथा चार बच्चों के साथ गांव में निवास करता था। उसकी मां की मृत्यु होने पर सास बनवासो उसके घर आई थी। घटना दिवस 14 नवंबर 2023 को आरोपित सोमार साय, पत्नी और छोटे बच्चे को लेकर नहर में नहाने और कपड़ा धोने गया था। यहां पति-पत्नी के बीच कुछ विवाद हो गया था। आवेश में आकर पति ने पत्नी के सिर पर पत्थर से वार कर दिया था। इससे वह अचेत हो गई थी। घर लौटकर सास के हाथों छोटे बच्चे को सौंप पति वहां से चला गया था। पत्नी को मार देने की जानकारी भी उसने सास को दी थी। आरोपित की सास ने ही बेटी कांति को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया था। बतौली अस्पताल में महिला की मौत के बाद पुलिस ने हत्या के आरोप पर पति को गिरफ्तार कर न्यायालय के निर्देश पर जेल भेज दिया था। प्रकरण के सारे तथ्यों की सुनवाई और पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर सत्र न्यायाधीश रामकुमार तिवारी के न्यायालय ने आरोपित पति सोमार साय को धारा 302 का दोषी पाया। न्यायालय ने आरोपित पति को आजीवन कारावास और 1000 रुपये अर्थदंड की सजा दी है।







# आदित्य की कृपा पाने सूर्योदय पर व्रतियों ने दिया अर्घ्य

## गाजे-बाजे के साथ घाटों में पहुंचे श्रद्धालु, उत्साहजनक वातावरण

**कोरबा।** सूर्य उपासना का महापर्व कई प्रकार की परंपरा और विधि को करते हुए आज कार्तिक सप्तमी तिथि को संपन्न हो गया। सूर्योदय से पहले छठ घाटों पर व्रती और श्रद्धालु पहुंच गए। विपुल जलराशि के बीच उपस्थिति दर्ज कराने के साथ उन्होंने उदित होते सूर्य का दर्शन किया और अर्घ्य दिया।

कोरबा नगर से लेकर उपनगरीय क्षेत्रों और अंचल में यह पर्व इस बार भी अपनी विशेष पहचान छोड़ गया। भले ही पर्व का संबंध पूर्वांचल से है लेकिन औद्योगिक तीर्थ में निवासरत विभिन्न प्रदेशों के लोगों ने इस पर्व में धार्मिक कारणों से उदारता के साथ रूचि ली। भगवान आदित्य की कृपा प्राप्ति और कल्याण का प्रयोजन इसमें समाहित रहा। तीन दिन पहले शुरू हुआ पर्व का शुक्रवार को अंतिम दिवस था। गुरुवार की संध्या पर्व के लिए पहला अर्घ्य भुवन भास्कर को दिया गया और आज समापन अवसर पर दूसरा व अंतिम क्रम पूरा किया गया। कोरबा शहर और अन्य क्षेत्रों में ब्रह्म मुहूर्त में माहौल छठमय हो गया। हर कहीं से गाजे-बाजे और छठ गीतों की ध्वनि गूंजती सुनाई दी। आतिशबाजी का तड़का भी इसमें लगा। वातावरण में नमी और आंशिक कोहरा की उपस्थिति के चक्कर में श्रद्धालुओं को घाटों पर सूर्य के दर्शन होने में कुछ अधिक समय लगा। इन सबके बावजूद व्रतियों ने पानी के बीच खड़े होकर सनातन मान्यताओं की पूर्ति की। इसके साथ अन्य श्रद्धालुओं ने भी पानी में उतरकर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। उन्होंने अपने साथ-साथ परिवार और समाज के सर्व कल्याण की कामना की।



### किया गया प्रसाद वितरण

महापर्व छठ के अंतिम दिवस आज सुबह घाटों पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजकों की ओर से इसकी भरपूर व्यवस्था की गई



## पुरानी बस्ती छठ घाट पहुंचे मेयर



सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा के तीसरे दिन कोरबा के विभिन्न घाटो पर श्रद्धालुओं ने बड़ी आस्था के साथ सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। इस अवसर पर महापौर राजकिशोर प्रसाद अपने पूरे परिवार के साथ माँ सर्वमगला मंदिर के सामने कोरबा पुरानी बस्ती छठ घाट पर सूर्य देव एवं छठ मइया की पूजा की। चार दिनों तक चलने वाले छठ महापर्व के पहले दिन नहाय-खाय, दूसरे दिन खरना और तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। कोरबा में सभी घाटों में नदी, तट में परम्परागत तरीके से पूर्वांचल वासियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने छठ मइया की पूजा की। इस अवसर पर महापौर राजकिशोर प्रसाद के साथ पूर्वांचल के बरिष्ट सदस्य जगदीश प्रसाद, संरक्षक बी.एन. सिंह, कोरबा पूर्वांचल सर्व समाज के अध्यक्ष अवधेश सिंह, भूमिहार समाज कोरबा के अध्यक्ष अरविन्द शर्मा , विकास सिंह, डी.एन. राय, गुप्तेश्वर मनीष शर्मा , बच्चू सिंह, विजय सिंह, विजय यादव, लक्ष्मण सिंह दिनेश सिंह, यूरेश प्रसाद, अशोक प्रसाद, अभय कुमार, सुनील कुमार, सुनील प्रताप शाही, धनेश कुमार, राकेश देवांगन, अमर जायसवाल, चमन पटेल, कमल पटेल, शाहिद खान आदि बड़ी संख्या में लोगो ने घाटों पर उपस्थिति देकर पूजा अर्चना की।

## भामसं का प्रदेश स्तरीय अभ्यास वर्ग

**कोरबा।** भारतीय मजदूर संघ की बैठक जेपी कॉलोनी में आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश स्तरीय अभ्यास वर्ग के लिए विचार विमर्श किया गया। 15 नवंबर से तीन दिनों तक चलने वाले इस अभ्यास वर्ग में बड़े बड़े नेता शामिल होगें। राष्ट्रीय नेता जी सुरेन्द्रम , प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिंह देव , दिनेश पाण्डेय , आरएस जायसवाल शामिल होगें। कल की बैठक में प्रदेश महामंत्री नवरत्न बरेठ, अशोक सूर्यवंशी, संदीप राठौर ,अजय मिश्रा, अशोक सूयवंशी , रमेश गुरूद्वान, विरेन्द्र चंद्रा, रंजय सिंह, शरद नायर, सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। इस बैठक में विचार विमर्श करने के बाद आगे के रणनीति तैयार की गई।

## प्रबंधन से मिला प्रतिनिधि मंडल

**कोरबा।** केन्द्रीय कर्मशाला कोरबा पूर्व में एसईकेएमसी के प्रतिनिधि मंडल ने प्रबंधन के साथ मुलाकात करते हुए संडे ड्यूटी की मांग को सामने रखा दिलीप सिंह ने कहा कि संडे ड्यूटी के लिए और अधिक प्रयास किए जाने की जरूरत है। ताकि कोयला कामगारों में उत्साह बना रहें।

## मुख्यमंत्री शामिल होंगे जयंती समारोह में



**कोरबा।** भगवान विष्णु के अवतार सहस्त्रबाहु का अवतरण आज कल्चुरी समाज अग्रसेन भवन कटघोरा में मना रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में इस आयोजन में शामिल होंगे। जिले के जनप्रतिनिधि भी अतिथि होंगे। प्रशासन ने कार्यक्रम के लिए मौके पर विशेष व्यवस्था की है। अधिकांश थानों और चौकी के प्रभारियों और जवानों की ड्यूटी सुरक्षा के मद्देनजर लगाई गई है। कार्यक्रम को लेकर नगर में उत्साह है।

# चालक की आंख लगने से कार चढ़ी डिवाइडर पर, एक महिला हुई घायल



## छठ मनाकर परिवार लौट रहा था कोरबा

**कोरबा।** बुधवारी बाजार मुख्य मार्ग पर एक कार सड़क से उपर डिवाइडर पर चढ़ने के साथ खंभे से जा भिड़ी। घटना में एक महिला घायल हुई है। चालक को झपकी आने के कारण यह घटना हुई। इसके साथ यहां आसपास के लोगों की भीड़ लग गई जिन्होंने पीड़ितों की सुध ली।

हमारे संवाददाता ने बताया कि सुबह 10.30 बजे के आसपास बुधवारी मार्ग पर यह घटना हुई। जिसने आसपास के लोगों को हैरत में डाल दिया। पता चला कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद नगर में रहने वाला एक परिवार छठ पर्व मनाने के लिए गुरुवार की शाम बांकीमोंगरा गया हुआ था। आज सुबह की पूजा के बाद इन लोगों की कोरबा वापसी हुई। रात्रि में जागरण ज्यादा होने के कारण उनके सामने मुश्किल थी। आज सबेरे कोरबा वापस होने के दौरान सीएसईबी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत चालक विजय रजक को अचानक झपकी आई और अगले क्षण कार डिवाइडर में चढ़कर खंभे से भिड़ गई। कार सवार एक महिला को चोट आई है जबकि बाकी लोग सुरक्षित हैं।

## बेलगरी घाट पर चैन स्नेचिंग

उधर बालकोनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेलगरी नाला छठ घाट पर पिछली शाम चैन स्नेचिंग की घटना हुई। अज्ञात आरोपी ने एक महिला को निशाना बनाया और उसके गले में मौजूद सोने की चैन छीन ली। महिला को पता चलने पर वहां हो-हल्ला मचा। पुलिस को इस बारे में जानकारी दी गई है।

## बूथों में होंगे संगठन चुनाव

**कोरबा।** भाजपा के द्वारा सभी मंडलों में कार्यशाला लगाए गए है। इसके बाद अब मंडलो में चुनाव अधिकारी जाकर चुनाव कराएंगे। जिला सह चुनाव अधिकारी संजय भावनानी ने बताया कि 11 नवंबर से बूथो में चुनाव होगें। इसके लिए सभी सक्ति केंन्द्रो में प्रभारियों की नियुक्त की जा रही है।

मंडलों में जोगेश लांबा,विकास महंतो, आकाश सक्सेना, अशोक चावलानी, राजेन्द्र पाण्डेय, रारीफ खान, ज्योति नंद दुबे, डा. आलोक सिंह सहित सभी मंडलो में चुनाव अधिकारी बनाए गए है। इनके द्वारा इन सभी मंडलो में बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को दिशानिर्देश दिए जाएगें। एक मंडल में दो सौ सक्रिय सदस्य की सूची सबसे पहले मांगी जाएगी। इसके बाद बूथों के दो सौ सामान्य सदस्यों को अवलोकन किया जाएगा। बूथ अध्यक्ष के बाद सक्ती केन्द्रों के अध्यक्ष बनाए जाएंगे। इसके बाद मंडल अध्यक्षयों का चयन होगा। इसकी तैयारी सभी बूथों में शुरू कर दी गई है।

## कोयलांचल की जनता परेशान है प्रदूषण से

**कोरबा।** कोरबा शहर में सड़कों से उड़ने वाली धूल और बांकीमोंगरा, कुसमुंडा, गेवरा दीपका में कोल डस्ट लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। प्रदूषण से जूझ रहे लोग कई प्रकार की बीमारियों की जद में आ रहे हैं। आमदनी का स्तर अच्छा होने के बावजूद दैनिक जीवन में बनी हुई समस्याएं लोगों को मुसीबत में डाल रही है। इन समाधान लंबित है।

## अग्रसेन धाम कनबेरी में गोपाष्टमी पर कल होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**कोरबा।** गोपाष्टमी पर्व पर जिले के कनबेरी स्थित अग्रसेन धाम गौशाला में 9 नवंबर को आयोजन होगा। श्रम उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि, प्रेमचंद पटेल विधायक और सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष नानजी भाई पटेल विशिष्ट अतिथि होंगे। एसईसीएल कुसमुंडा के सीजीएम राजीव सिंह अध्यक्षता करेंगे। सुबह 8 से 11 बजे तक हवन पूजन, 11.30 से 1 बजे तक मंचीय कार्यक्रम व दोपहर 1.30 से भोग प्रसाद वितरित होगा। अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, अग्रसेन गौ सेवा समिति के अध्यक्ष जयंत अग्रवाल ने समस्त गौ सेवकों को आमंत्रित किया है।

## राजेश प्रदेश संगठन मंत्री बनें

**कोरबा।** मानिकपुरी पनिका समाज के राजेश मानिकपुरी को प्रदेश संगठन मंत्री बनाया गया है। उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। वें जिला में कोषाध्यक्ष भी रह चुकें है। समाज को आगे बढ़ाने में राजेश मानिकपुरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आने वाले दिनों में वें क्षेत्र का दौरा कर बैठक लेगें। और जागरूकता अभियान चलाएगें। और समाज को आगे बढ़ाने के लिए राय मशवीरा भी करेंगे। कबीर जयंती के अवसर पर उन्होंने काफी सक्रिय होकर कार्य किया था। बांकीमोंगरा क्षेत्र में मोटर सायकिल रैली निकाली गई थी।

# ताईक्वांडो की राष्ट्रीय स्पर्धा में अर्जुनी ने जीता रजत पदक

## 15वीं कूडो राष्ट्रीय प्रतियोगिता सूरत में आयोजित

**कोरबा।** जिले की होनहार छात्रा और खिलाड़ी अर्जुनी बत्रा ने अखिल भारतीय स्तर की ताईक्वांडो प्रतियोगिता में भागीदारी करने के साथ रजत पदक जीत लिया। उसने अगले दौर के लिए क्वालीफाई किया है। खिलाड़ी की सफलता से परिजन सहित कोच और मार्गदर्शक प्रसन्न हैं।

गुजरात के टेक्सटाइल सिटी सूरत में अखिल भारतीय स्तर की 15वीं ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन हाल में ही हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ सहित देश के अनेक राज्यों की उपस्थिति हुई। अलग-अलग आयु और वजन समूह में प्रतिभागी शामिल हुए और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शारदा



विहार कोरबा निवासी खिलाड़ी अर्जुनी बत्रा ने इस खेल में अपने को साबित करते हुए सिल्वर मेडल जीता। व्यवसायी अमृतलाल बत्रा की पोती और सागर बत्रा की पुत्री अर्जुनी ने इससे पहले भी अन्य प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन के साथ पुरस्कार जीते हैं। पंजाबी बिरादरी का गौरव बढ़ाने का काम खिलाड़ी ने किया है। उसकी सफलता पर विद्यालय परिवार सहित समाज ने खुशी जताई और उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सिख समाज निकाल रहा प्रभात फेरी गुरुनानक जयंती पर

**कोरबा।** कार्तिक पूर्णिमा को सिख समाज के संस्थापक गुरुनानक देव का अवतरण दिवस मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में स्थानीय सिख समाज प्रभात फेरी निकाल रहा है। जयंती के एक दिन पहले तक यह सिलसिला चलेगा।

कोरबा में अमरैयापारा मुख्य शहर के अलावा बालकोनगर, कटघोरा, दीपका, कुसमुंडा और बांकीमोंगरा में भी इस प्रकार के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। दीपावली से इसकी शुरुआत हुई है। नगर संकीर्तन करते हुए समाज के लोग गुरुनानक देव के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने में लगे हुए हैं। बताया गया कि प्रकाश पर्व को कई प्रकार के कार्यक्रम गुरुद्वारा परिसर में किए जाएंगे।



**आवश्यकता है**

एक वृद्ध व्यक्ति की देखभाल ( केयरटेकर ) हेतु 30 से 35 वर्षीय युवक/युवती की आवश्यकता है।

समय : सुबह 8.30 से शाम 5.30 बजे तक

-:संपर्क करें :-

मो.-9826389894










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com